वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष:5 अंक: 342 बुधवार 20 मई 2026 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राजस्थान में खनन क्षेत्र में अपार संभावनाएं

# केंद्र सरकार से समन्वय कर खनन से जुड़ी परियोजनाओं को तय समय में पूरा करें : भजनलाल

### मुख्यमंत्री की प्रो-एक्टिव अप्रोच से राजस्थान खनन में बढ़ रहा तेजी से आगे




**जयपुर. का.सं।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान खनिज संपदा की दृष्टि से देश में अग्रणी राज्यों में शामिल है तथा प्रदेश में खनन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। राज्य में 82 प्रकार के खनिज उपलब्ध हैं और 57 खनिजों का दोहन किया जा रहा है। हमारी सरकार खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, नीतिगत सुधार और बुनियादी ढांचे में विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खनन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर राज्य सरकार के अधिकारी केंद्र से समन्वय करते हुए नियमित बैठकें आयोजित करें। जिससे खनन क्षेत्र से संबंधित कार्य तय समय में पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर केंद्रीय खान एवं कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी की गरिमामयी उपस्थिति में खान एवं कोयला विभाग की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स प्रदेश में बाड़मेर एवं बालोतरा जिले में लगभग 725 वर्ग किलोमीटर में फैली हुई वृत्ताकार/अर्धवृत्ताकार आग्नेय चट्टानों की संरचना है। सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स एवं सिवाना ग्रेनाइट में रेयरअर्थ एलिमेंट एवं हेवी रेयरअर्थ एलिमेंट उपलब्ध है। साथ ही, आधुनिक तकनीकी एवं स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में इसका राष्ट्रीय महत्व है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। वहीं, इस संबंध में खान विभाग एवं संबंधित जिला कलक्टर केंद्र सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक करें, जिससे काम में तेजी आ सके।

### जीएसआई से प्रदेश में चिन्हित साइट्स की जानकारी राज्य से हो साझा

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा राज्य में चिन्हित एवं अन्वेषित साइट्स की जानकारी राज्य सरकार के साथ साझा करें, जिससे संरक्षण की दृष्टि से उपयुक्त भूमि का अन्यत्र प्रयोजन के लिए आवंटन नहीं हो। उन्होंने पर्यावरण स्वीकृति से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ गति देने के निर्देश दिए और कहा कि जिन खनिज ब्लॉक्स की नीलामी हो चुकी है, वहां पर शीघ्र ही उत्पादन कार्य शुरू करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि खनन गतिविधियों के लिए खान विभाग के अधिकारी नियमित बैठक कर कार्य योजना बनाएं, इससे खनन कार्य में भविष्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होगी एवं कार्यों की पुनरावृत्ति से बचा जा सकेगा।

### सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए

### प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों से देश में खनन क्षेत्र में हुआ व्यापक सुधार

केन्द्रीय खान एवं कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खनन क्षेत्र में व्यापक सुधार हुआ है। केंद्र सरकार की दूरदर्शी नीतियों एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में अन्वेषण, नीलामी और उत्पादन प्रक्रियाओं में गति आई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में क्रिटिकल मिनरल का बड़ा भण्डार उपलब्ध है। रक्षा, ऊर्जा, कृषि, सोलर, ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों में क्रिटिकल मिनरल्स की बढ़ती मांग को पूरा करने का सामर्थ्य राजस्थान में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रो-एक्टिव अप्रोच से राजस्थान खनन क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य में खनिज संसाधनों के वैज्ञानिक दोहन, निवेश अनुकूल वातावरण तथा पारदर्शी नीतियों के कारण राजस्थान खनन के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार आपसी समन्वय से खनन से जुड़े सभी मुद्दों का समयबद्ध समाधान करें, जिससे निवेश एवं उत्पादन में वृद्धि हो। बैठक में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कोल इंडिया-आरवीयूएनएल संयुक्त उपक्रम, सौर ऊर्जा परियोजनाओं, क्रिटिकल मिनरल ब्लॉकों की नीलामी, डीएमएफ फंड, पर्यावरण एवं वन स्वीकृतियां, खनिज ब्लॉक के शीघ्र संचालन, राज्य में संचालित विभिन्न भूवैज्ञानिक एवं खनिज अन्वेषण गतिविधियां तथा प्रदेश से संबंधित खनन मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोड़ा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से खनन एवं पेट्रोलियम क्षेत्र में राज्य सरकार की नीतियों, केंद्र से जुड़े मुद्दों की जानकारी दी।









# धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ विधिवत एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, थड़ी मार्केट में श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वावधान में तथा श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति राजस्थान अंचल एवं संयुक्त महिला संभाग के सहयोग से धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ विधिवत एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अध्यक्ष नीता जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ जिनवाणी जुलूस के साथ किया गया। मंत्री भंवरी देवी जैन ने जानकारी दी कि चित्र अनावरण श्रीमान ज्ञानचंद जी द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन श्री सुकुमाल जी एवं सविता जी के द्वारा संपन्न हुआ। मीना सेठी एवं नीलम जैन ने बताया कि मंगल कलश एवं जिनवाणी की स्थापना की गई। इसके पश्चात बालिकाओं द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। संयोजक सविता जैन, सुनीता जैन एवं कांता जैन ने बताया कि कार्यक्रम में श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर से पधारी विदुषी दीदियों, स्थानीय शिक्षकों, अतिथियों एवं समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष श्रीमान सुमत प्रकाश जैन, मंत्री अशोक जैन, अतुल बेनाडा, नवयुवक मंडल अध्यक्ष सिद्ध सेठी एवं मंत्री मनीष जैन द्वारा किया गया। समारोह में पाठशाला के छात्र-छात्राएं, महिला एवं पुरुष वर्ग, बालक-बालिकाएं, महिला मंडल, युवा मंडल सहित समाजबंधुओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। पाठशाला संयोजक पंकज जैन ने समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मज्ञान अर्जित करने एवं बच्चों को संस्कारमय शिक्षा से जोड़ने का आग्रह किया। अंत में प्रभावना एवं अल्पाहार का वितरण किया गया। – **नीता जैन**






# एक नया और रोचक कॉन्सेप्ट शुरू



**जयपुर.शाबाश इंडिया।** जयपुर की युवा उद्यमी मोनी पाटनी और मानस्वी शाह ने शहरवासियों के लिए एक नया और रोचक कॉन्सेप्ट शुरू किया है। यह पहल क्यूरेटेड एक्सपीरियंस वर्कशॉप्स पर आधारित है, जिसका उद्देश्य लोगों को रचनात्मकता, सीखने और मनोरंजन से जोड़ना है। इसी शृंखला के तहत रविवार, 17 मई 2026 को ''खोजे'' में एक विशेष बुके स्टाइलिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का संचालन लक्जरोज की फाउंडर साक्षी खंडेलवाल द्वारा किया गया, जहां प्रतिभागियों ने फ्लोरल अरेंजमेंट और बुके स्टाइलिंग की बारीकियां सीखीं। वर्कशॉप में शहर के युवाओं एवं क्रिएटिव गतिविधियों में रुचि रखने वाले लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस अनोखे अनुभव का आनंद लेते हुए अपनी रचनात्मकता को नए तरीके से अभिव्यक्त किया। मोनी पाटनी और मानस्वी शाह ने बताया कि उनका उद्देश्य जयपुर में ऐसे और भी इंटरैक्टिव एवं मनोरंजक वर्कशॉप्स आयोजित करना है, ताकि लोगों को नए अनुभवों के साथ सीखने और अपनी रचनात्मकता को निखारने का अवसर मिल सके।


# S. J. PUBLIC SCHOOL, JAIPUR

S. J. PUBLIC SCHOOL JAIPUR

An English Medium Co-Educational Sr. Sec. School | CBSE Affiliation No. 1730057

Congratulations

40 years of Excellence

**ADMISSION OPEN 2026-27**

Limited Seats Only

**Outstanding Performance in SSCE-2025-26**

Heartfelt wishes on achieving this significant milestone in your academic journey.




**CITY TOPPER**
Commerce Stream
98.8%

**Punya Jain**

ACC. - 100
BST - 100
IP - 100
ECO. - 99
ENG - 95




**OUTSTANDING PERFORMANCE IN SSE-2025-26**




**SUBJECT WISE HIGHEST MARKS**

| S.No. | Subject | Marks | S.No. | Subject | Marks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ACCOUNTANCY | 100 | 10 | BUSINESS STUDIES | 100 |
| 2 | I.P. | 100 | 11 | COMMERCIAL ART | 100 |
| 3 | ECONOMICS | 99 | 12 | PSYCHOLOGY | 99 |
| 4 | GEOGRAPHY | 98 | 13 | PAT. | 98 |
| 5 | FMM | 96 | 14 | CHEMISTRY | 95 |
| 6 | FOOD AND NUTRITION | 95 | 15 | ENGLISH | 95 |
| 7 | BIOLOGY | 94 | 16 | APPLIED MATHS | 95 |
| 8 | P.E. | 91 | 17 | POLITICAL SCIENCE | 84 |
| 9 | MATHS | 80 | 18 | HOME SCIENCE | 98 |

**SPECIAL FEATURES**

- Skill and Competency Based learning
- Fully Air Conditioned Building
- AC Transportation with GPS
- Selection in IITs, NEET, CLAT & ICAI
- National level Sports Facilities
- Digital Interactive Panel in each Classroom

Janata Colony Near Pink Square Mall, Jaipur-302004
Ph. 0141-2613956, 9773304061, 9773304063
Website: www.sjpublicschool.org Email: sjpsjaipur@gmail.com

## राजनीति

# समुद्र की बेचैनी, बाजार की गर्मी

**विनोद कुमार सिंह**

पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव अब केवल सीमाओं और कूटनीतिक मंचों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और आम जनजीवन तक स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। समुद्री मार्गों पर मंडराते खतरे, कच्चे तेल और गैस की बढ़ती कीमतें तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अस्थिरता ने दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। इसी पृष्ठभूमि में पीआईबी द्वारा आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा, उर्वरक आपूर्ति और आर्थिक स्थिरता को लेकर अपनी तैयारियों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता देश है, लेकिन अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। घरेलू एलपीजी की करीब 60 प्रतिशत आवश्यकता भी आयात से पूरी होती है। ऐसे में पश्चिम एशिया में कोई भी तनाव सीधे भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। सरकार ने स्पष्ट किया कि फिलहाल देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और सीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति व्यवस्था सामान्य रूप से कार्य कर रही है। भारत के पास लगभग 60 दिनों का रणनीतिक कच्चा तेल भंडार और पर्याप्त एलपीजी व गैस स्टॉक मौजूद है। हालाँकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल ने चिंता बढ़ा दी है। भारतीय क्रूड बास्केट की कीमत 113 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच चुकी है, जो कुछ माह पहले 70 डॉलर से कम थी। इसका असर पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर भी दिखाई देने लगा है। ईंधन महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ती है, जिसका सीधा प्रभाव खाद्यान्न, सब्जियों, निर्माण सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर पड़ता है। सबसे बड़ी चिंता समुद्री व्यापार मार्गों को लेकर है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज दुनिया के ऊर्जा व्यापार की धुरी माना जाता है, जहाँ से वैश्विक कच्चे तेल और एलएनजी का बड़ा हिस्सा गुजरता है। भारत के तेल और गैस आयात का महत्वपूर्ण भाग भी इसी मार्ग से आता है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में आयात स्रोतों में विविधता लाने की रणनीति अपनाई है। आज भारत 40 देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है। रूस, अमेरिका, कनाडा, ब्राजील और अफ्रीकी देशों से बढ़ते आयात ने पश्चिम एशिया पर निर्भरता कम करने में मदद की है। ऊर्जा संकट का असर उर्वरक क्षेत्र पर भी पड़ रहा है। भारत का यूरिया उत्पादन मुख्यतः नेचुरल गैस आधारित है।

## संपादकीय

# केरल में कांग्रेस की वापसी

केरल की राजनीति में एक दशक बाद सत्ता का चक्र फिर घूम गया है। कांग्रेस नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने 2026 के विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत हासिल करते हुए 140 सदस्यीय सदन में 102 सीटें जीत लीं। सत्तारूढ़ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) 35 सीटों पर सिमट गया। कांग्रेस अकेले 63 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी, जबकि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने 22 सीटों का योगदान दिया। यह परिणाम केवल पिनारायी विजयन के दस वर्षीय शासन का अंत नहीं है, बल्कि भारत में कम्युनिस्ट राजनीति के अंतिम मजबूत गढ़ माने जाने वाले केरल की राजनीतिक दिशा में बड़ा बदलाव भी माना जा रहा है। 1957 में दुनिया की पहली लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई कम्युनिस्ट सरकार देने वाले केरल में अब राजनीतिक परिदृश्य बदल चुका है। एलडीएफ ने 2016 और 2021 में लगातार जीत दर्ज कर सत्ता बरकरार रखी थी, लेकिन इस बार बढ़ती जन असंतुष्टि, आर्थिक दबाव और बदलाव की चाह ने समीकरण बदल दिए। यूडीएफ ने ''केरलम जयिक्कुम, यूडीएफ नायिक्कुम'' यानी ''केरल जीतेगा, यूडीएफ नेतृत्व करेगा'' के नारे के साथ युवाओं, रोजगार, शिक्षा और सुशासन को प्रमुख मुद्दा बनाया, जिसने मतदाताओं को प्रभावित किया। कांग्रेस नेता वी.डी. सतीशन को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 18 मई को हुए शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी ने इस जीत के राष्ट्रीय महत्व को रेखांकित किया। नई सरकार ने सत्ता संभालते ही आशा कार्यकर्ताओं के लिए 3000 रुपए मासिक वेतन वृद्धि, आंगनवाड़ी कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ोतरी और महिलाओं के लिए केएसआरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा जैसी घोषणाएं की हैं। सतीशन ने नया केरल बनाने का संकल्प दोहराते हुए युवाओं के पलायन को रोकने, ग्लोबल जॉब वॉचटावर स्थापित करने, आधुनिक शिक्षा पाठ्यक्रम लागू करने और स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की बात कही है। केरल की राजनीति लंबे समय से वैचारिक ध्रुवीकरण और सत्ता परिवर्तन की परंपरा के लिए जानी जाती रही है। यूडीएफ और एलडीएफ के बीच पेंडुलम की तरह सत्ता बदलती रही है और इस बार झुकाव स्पष्ट रूप से यूडीएफ के पक्ष में रहा। कांग्रेस ने पिछले स्थानीय निकाय चुनावों में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी जमीन मजबूत की थी। पार्टी नेतृत्व ने आंतरिक मतभेदों को नियंत्रित रखते हुए एकजुटता दिखाई, जबकि एलडीएफ पर भ्रष्टाचार, आर्थिक सुस्ती और प्रशासनिक थकान के आरोप भारी पड़े। भाजपा को केवल 3 सीटें मिलीं, हालांकि उसके वोट प्रतिशत में हल्की बढ़ोतरी भविष्य की राजनीति के संकेत मानी जा रही है। नई सरकार के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। केरल पहले से ही बढ़ते कर्ज, घाटे वाले बजट और प्रवासी आय पर निर्भर अर्थव्यवस्था की समस्या से जूझ रहा है। उच्च साक्षरता के बावजूद बेरोजगारी युवाओं में चिंता का बड़ा कारण बनी हुई है। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# परीक्षा प्रणाली पर सबसे बड़ा संकट

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

भारत आज दुनिया की सबसे युवा आबादी वाला देश है, जहां करोड़ों विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से अपने सपनों को साकार करना चाहते हैं। डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी और वैज्ञानिक बनने की आकांक्षा लेकर युवा वर्षों तक कठिन मेहनत करते हैं। लेकिन जब राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने लगते हैं और जांच एजेंसियां शिक्षकों, कोचिंग संचालकों तथा तकनीकी विशेषज्ञों को गिरफ्तार करती हैं, तब केवल परीक्षा प्रणाली ही नहीं बल्कि मेरिट आधारित व्यवस्था पर जनता का भरोसा भी कमजोर पड़ने लगता है। हाल ही में नीट यूजी पेपर लीक मामले में रसायन और जीव विज्ञान के शिक्षकों सहित कई राज्यों से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि परीक्षा अपराध अब सामान्य धोखाधड़ी नहीं रहा। ब्लूटूथ डिवाइस, माइक्रो ईयरफोन, सॉल्वर गैंग और डिजिटल नेटवर्क का इस्तेमाल बताता है कि यह एक संगठित ''एग्जाम माफिया इकोसिस्टम'' बन चुका है। ''घर का भेदी लंका ढाए'' वाली कहावत यहां पूरी तरह लागू होती दिखाई देती है, क्योंकि बिना अंदरूनी सहयोग के इतने बड़े स्तर पर प्रश्नपत्र लीक संभव नहीं हो सकते। भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव अत्यधिक है। एक सीट के लिए हजारों उम्मीदवार प्रतिस्पर्धा करते हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में यह दबाव और अधिक बढ़ जाता है। सीमित सरकारी सीटें, महंगी निजी शिक्षा और सामाजिक अपेक्षाएं युवाओं को मानसिक रूप से बेहद संवेदनशील बना देती हैं। ऐसे माहौल में यदि कोई गिरोह ''रैंक दिलाने'' या ''पेपर उपलब्ध कराने'' का दावा करता है, तो कुछ लोग लालच या निराशा में उसके जाल में फंस जाते हैं। कोचिंग उद्योग का विस्तार भी इस संकट का महत्वपूर्ण पहलू बन चुका है। कोटा, दिल्ली, पटना, पुणे और हैदराबाद जैसे शहर बड़े शिक्षा केंद्रों में बदल चुके हैं। अधिकांश संस्थान ईमानदारी से शिक्षा देते हैं, लेकिन कुछ संस्थानों पर सफलता को ''ब्रांड'' बनाने के लिए अवैध नेटवर्क से जुड़ने के आरोप लगते रहे हैं। जब शिक्षा सेवा की जगह व्यापार बन जाती है, तब नैतिक सीमाएं कमजोर पड़ने लगती हैं। डिजिटल युग ने परीक्षा सुरक्षा को और जटिल बना दिया है। पहले पेपर फोटोकॉपी से लीक होते थे, अब एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप, क्लाउड स्टोरेज और स्क्रीन शेयरिंग के जरिए कुछ मिनटों में हजारों लोगों तक पहुंच जाते हैं। साइबर अपराधियों और तकनीकी विशेषज्ञों की संलिप्तता ने जांच एजेंसियों के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। पेपर लीक का सबसे बड़ा नुकसान उन ईमानदार छात्रों को होता है जो वर्षों की मेहनत के बाद परीक्षा में बैठते हैं। परीक्षा रद्द होने पर मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और भविष्य की अनिश्चितता छात्रों और उनके परिवारों को भीतर तक तोड़ देती है। कई परिवार कर्ज लेकर कोचिंग और हॉस्टल का खर्च उठाते हैं। ऐसे में परीक्षा रद्द होना केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि सामाजिक त्रासदी भी बन जाता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि केवल गिरफ्तारियों से समस्या समाप्त नहीं होगी। भारत को परीक्षा सुरक्षा के लिए मजबूत और आधुनिक व्यवस्था विकसित करनी होगी। प्रश्नपत्र वितरण में ब्लॉकचेन ट्रैकिंग, एआई आधारित निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन और रियल टाइम साइबर मॉनिटरिंग जैसे उपाय अपनाने होंगे। साथ ही कोचिंग संस्थानों के लिए स्पष्ट नियामक ढांचा भी आवश्यक है। पेपर लीक केवल अपराध नहीं बल्कि सामाजिक न्याय और समान अवसर पर हमला है।

# 18वें राष्ट्रीय अधिवेशन के सहयोगियों का जैन इंजीनियर्स सोसायटी ने किया सम्मान

## कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती सुनीता जैन, श्रीमती दीपिका बोहरा एवं सरिता जैन के संगीतमय मंगलाचरण से हुआ








**जयपुर.शाबाश इंडिया।** जैन इंजीनियर्स सोसायटी द्वारा 18वें राष्ट्रीय अधिवेशन के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सहयोगियों के सम्मान हेतु सम्मान समारोह का आयोजन रविवार, 17 मई 2026 को भट्टारकजी की नसियां स्थित तोतूका सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिवेशन की विभिन्न समितियों के सदस्य, वित्तीय सहयोगकर्ता, स्मारिका विज्ञापनदाता तथा सूचना एवं प्रसारण तंत्र से जुड़े सहयोगियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी माननीय अनिल कुमार जैन थे। उल्लेखनीय है कि जैन इंजीनियर्स सोसायटी का 18वां राष्ट्रीय अधिवेशन 20 एवं 21 दिसंबर 2025 को जेस जयपुर साउथ चैप्टर एवं जेस नॉर्थ जोन के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर में आयोजित हुआ था, जिसकी व्यवस्थाओं की सभी सहभागियों ने सराहना की थी। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती सुनीता जैन, श्रीमती दीपिका बोहरा एवं सरिता जैन के संगीतमय मंगलाचरण से हुआ। भगवान महावीर की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन अधिवेशन चेयरमैन इंजी. राजीव कुमार जैन, अधिवेशन सलाहकार इंजी. राजीव जैन (गाजियाबाद), इंजी. पी.सी. छाबड़ा, इंजी. देवेन्द्र मोहन जैन, इंजी. अरुण कुमार जैन, इंजी. महेंद्र कुमार कासलीवाल एवं इंजी. विनोद कुमार बडजात्या द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। मुख्य अतिथि अनिल कुमार जैन के स्वागत सम्मान के पश्चात अधिवेशन चेयरमैन इंजी. राजीव कुमार जैन ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का अभिनंदन करते हुए अधिवेशन की सफलता के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इंजी. पी.सी. छाबड़ा ने अधिवेशन की विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि जेस जयपुर साउथ चैप्टर के सभी सदस्यों ने विभिन्न समितियों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए तन, मन एवं धन से सहयोग प्रदान किया। उन्होंने आवास समिति, एडवर्टाइजिंग कलेक्शन समिति, सूचना एवं प्रसारण समिति, फाइनेंस समिति, स्मारिका समिति, रजिस्ट्रेशन समिति, भोजन समिति, गिफ्ट समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, ट्रांसपोर्ट समिति एवं भ्रमण समिति सहित विभिन्न समितियों के कार्यों का उल्लेख करते हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इंजी. महेंद्र कुमार कासलीवाल ने अपने संबोधन में चैप्टर के सभी सदस्यों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा चैप्टर सदस्य इंजी. देवेन्द्र मोहन जैन के जेस नॉर्थ जोन के चेयरमैन पद पर निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि माननीय अनिल कुमार जैन (आईपीएस) ने अपने उद्बोधन में राष्ट्र निर्माण एवं विकास में इंजीनियर्स की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इंजीनियर्स देश की प्रगति के आधार स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि वे कुछ कारणों से राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल नहीं हो सके थे, लेकिन इस कार्यक्रम के माध्यम से इंजीनियर्स बंधुओं से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके पश्चात अधिवेशन की सफलता में सहयोग देने वाले सभी सहयोगकर्ताओं को मंच पर आमंत्रित कर माल्यार्पण, दुपट्टा ओढ़ाकर एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंजी. पी.सी. छाबड़ा द्वारा सभी सहयोगियों का संक्षिप्त परिचय एवं उनके योगदान की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में कुल 178 सहयोगकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रदीप छाबड़ा ने किया, जबकि मंच प्रबंधन इंजी. बी.पी. जैन, इंजी. मनोज जैन एवं उनकी टीम द्वारा संभाला गया। अंत में अधिवेशन सलाहकार इंजी. राजीव जैन (गाजियाबाद) के धन्यवाद ज्ञापन एवं सामूहिक सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# "नि:शुल्क फ्यूचर स्किल्स समर कैंप 2026" के पोस्टर का भव्य विमोचन

**जयपुर.शाबाश इंडिया**



वैश्य कम्युनिटी स्टार्टअप फाउंडेशन एवं जैन कनेक्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले "नि:शुल्क फ्यूचर स्किल्स समर कैंप 2026" के पोस्टर का भव्य विमोचन राजस्थान सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक द्वारा किया गया। इस अवसर पर जैन कनेक्ट के सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को आधुनिक तकनीकी एवं भविष्य उन्मुख कौशलों से जोड़ने के उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की गई। समर कैंप के माध्यम से प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स एवं ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसी आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। कैंप का उद्देश्य युवाओं में नवाचार, तकनीकी समझ एवं कौशल विकास को बढ़ावा देना है। समाज को तेजी से बदलती तकनीक के साथ जोड़ने तथा युवाओं सहित हर आयु वर्ग को भविष्य की स्किल्स से परिचित कराने के उद्देश्य से **"नि:शुल्क फ्यूचर स्किल्स समर कैंप 2026"** का आयोजन किया जा रहा है। यह 10 दिवसीय ऑनलाइन समर कैंप 20 मई से 29 मई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 1:30 बजे से 3:00 बजे तक जूम ऐप के माध्यम से आयोजित होगा। मुख्य संयोजक अतीव जैन ने बताया कि यह कैंप केवल स्कूली विद्यार्थियों तक सीमित नहीं है, बल्कि कक्षा 6 से ऊपर के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ गृहिणियों, प्रोफेशनल्स, रिटायर्ड व्यक्तियों एवं सभी इच्छुक नागरिकों के लिए पूर्णतः नि:शुल्क रहेगा। कैंप के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों एवं भविष्य में उपयोगी कौशलों की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका राखी जैन ने बताया कि कैंप में प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूलभूत जानकारी, रोबोटिक्स का प्रायोगिक परिचय, ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग एवं संभावनाओं, लीडरशिप एवं कम्युनिकेशन स्किल्स तथा ब्रेन मैपिंग एवं काउंसलिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। संस्था के सहयोगी गणपत कोठारी, रोशन खंडेलवाल, गंगाराम खंडेलवाल एवं सचिन जैन ने बताया कि वैश्य कम्युनिटी स्टार्टअप फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से युवाओं को स्टार्टअप, नवाचार एवं डिजिटल स्किल्स से जोड़ने की दिशा में कार्यरत है। यह पहल समाज में तकनीकी जागरूकता बढ़ाने तथा भविष्य की शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य नई तकनीकों को सरल भाषा में समाज तक पहुंचाना तथा लोगों को डिजिटल युग के लिए तैयार करना है। वर्तमान समय में अकऔर डिजिटल स्किल्स की समझ हर आयु वर्ग के लिए आवश्यक होती जा रही है। "सीखने की कोई उम्र नहीं होती" की भावना के साथ इस समर कैंप को पूर्णतः नि:शुल्क रखा गया है। इच्छुक प्रतिभागी 9660990000 एवं 8949822269 पर संपर्क कर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

# मंदिरों, पेड़ों और छतों पर लगाए मिट्टी के सकोरे, पक्षी संरक्षण का लिया संकल्प



**डडूका.शाबाश इंडिया**

महावीर इंटरनेशनल डडूका द्वारा पक्षी संरक्षण प्रोजेक्ट के तहत भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत डडूका के राम मंदिर, आयुर्वेदिक चिकित्सालय, लक्ष्मी नारायण मंदिर, होली चौक चबूतरा, माताजी मंदिर, रामोर हनुमान मंदिर, महादेव मंदिर, जैन मंदिर चौक, चिपटी चौक सहित विभिन्न मंदिरों, आसपास के पेड़ों, घरों की छतों एवं उन स्थानों पर मिट्टी के सकोरे लगाए गए, जहां पक्षियों का आवागमन रहता है। साथ ही प्रतिदिन इन सकोरों में पानी भरने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में केंद्र अध्यक्ष रणजीत सिंह सोलंकी, बांसवाड़ा जिला कॉर्डिनेटर सुंदरलाल पटेल, कार्यक्रम संयोजक एवं गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजीत कोठिया, संरक्षक जीवनराम पाटीदार तथा विजयपाल गहलोत ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। अभियान में भूमिका, खुशी, लता, गलजी पाटीदार, हिरजी पाटीदार, हरीश शर्मा, दलजी मोगजी पाटीदार, कोदरलाल पाटीदार, नाथा पाटीदार, भरत वैष्णव सहित अनेक ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। इस अवसर पर गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजीत कोठिया ने सभी से आह्वान किया कि जहां-जहां सकोरे लगाए गए हैं, वहां प्रतिदिन जिम्मेदारीपूर्वक पानी भरकर पक्षी संरक्षण अभियान में सहयोग करें। जीवनराम पाटीदार ने चिपटी चौक पर सभी एमआई सदस्यों द्वारा की जा रही पक्षी सेवा की सराहना की। वहीं सुंदरलाल पटेल ने हनुमान मंदिर परिसर में बैठकर सकोरों की डोरियां बांधते हुए पक्षियों को राहत पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन अजीत कोठिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन रणजीत सिंह सोलंकी ने व्यक्त किया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर कुल 50 मिट्टी के सकोरे लगाए गए।

# संस्कार शिक्षण शिविर में जाना ही धर्म का मर्म: बच्चों ने सीखी हाइकु विधा



**जयपुर.शाबाश इंडिया**

महाल योजना, जगतपुरा स्थित श्री मुनि सुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित ग्रीष्मकालीन श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर के प्रथम दिन शिविरार्थियों ने अगले 10 दिनों के लिए विशेष धार्मिक नियम ग्रहण किए तथा पूर्ण उत्साह के साथ स्वाध्याय कर धर्मलाभ प्राप्त किया। शिविर में नन्हे-मुन्ने बच्चों की भागीदारी विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने न केवल धार्मिक नियमों को अपनाया, बल्कि साहित्य की विशेष विधा ह्यहाइकुह्न के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने बच्चों को कम शब्दों में गहरी बात कहने वाली इस विधा के अर्थ एवं महत्व को सरल तरीके से समझाया। शिक्षक मंडल की विदुषी डॉ. निर्मला संघी, डॉ. प्रीति एवं तोशी द्वारा सभी आयु वर्ग के शिविरार्थियों को धार्मिक एवं संस्कारमय शिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शिविर का वातावरण धर्म, अनुशासन एवं उत्साह से ओतप्रोत रहा। अंत में जिनवाणी स्तुति के साथ प्रथम दिवस के सत्र का समापन हुआ।



# भीनमाल में गूंजे जयकारे



## जुंजार मालदेव एवं सती माता मंदिर का 10वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

**भीनमाल.शाबाश इंडिया**

स्थानीय महावीर चौराहा स्थित राजपूत सोलंकी परिवार के कुलदेवता जुंजार मालदेव एवं सती माता मंदिर का 10वां वार्षिकोत्सव पारंपरिक श्रद्धा, हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस गौरवशाली अवसर पर सोलंकी राजपूत परिवार द्वारा भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उत्सव की शुरूआत प्रातः विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात पंडित नरोत्तमलाल के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अभिजीत मुहूर्त में मंदिर के शिखर पर गाजे-बाजे के साथ नवीन ध्वजा चढ़ाई गई। महाआरती के दौरान पूरा परिसर ''जय जुंजार बावजी'' एवं ''जय सती माता'' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बन गया। सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। समारोह के दौरान इतिहासकार हरीसिंह सोलंकी ने गढ़मगा रावों की बही एवं ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर जुंजार मालदेव सोलंकी की शौर्य गाथा का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1545 ईस्वी में सिरोही के महाराजा रायसिंह ने भीनमाल को अपने अधीन करने के लिए विशाल सेना के साथ नगर को चारों ओर से घेर लिया था। उस समय भीनमाल गढ़ की रक्षा के लिए मालदेव सोलंकी ने वीरतापूर्वक मोर्चा संभाला और घोड़े पर सवार होकर हमलावरों से घमासान युद्ध किया। मातृभूमि की रक्षा करते हुए उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। इतिहासकार के अनुसार युद्ध के दौरान मालदेव सोलंकी के बाण से सिरोही के महाराजा गंभीर रूप से घायल होकर मूर्छित हो गए, जिससे उनकी सेना में भगदड़ मच गई और फौज को वापस लौटाना पड़ा। मालदेव सोलंकी के बलिदान के बाद उनकी ठकुरानियां माणककंवर राठौड़ एवं जसकंवर चौहान सती हो गईं। यह शौर्य गाथा सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावुक हो उठे।

**महाआरती के दौरान पूरा परिसर ''जय जुंजार बावजी'' एवं ''जय सती माता'' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बन गया।**

धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के इस आयोजन में सामाजिक समरसता और कौमी एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। कार्यक्रम में सोलंकी परिवार सहित सर्वसमाज के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर ठाकुर जबरसिंह सोलंकी, हरिसिंह, जीवसिंह, सुरमसिंह, पेपसिंह, कालूसिंह, ईश्वर सिंह, छैलसिंह, विजय सिंह, नरेन्द्र सिंह, डूंगरसिंह, महेंद्र सिंह, दिलवरसिंह, रामसिंह, जनकसिंह, रेवतसिंह, कुलदीप सिंह, राजपाल सिंह, रमेश माली, आसाराम माली, मुकेश महेश्वरी, जबराराम सुथार, गोविंद शर्मा, अबु खां, बगदे खां एवं सूजे खां मीरासी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। दिनभर चले इस उत्सव के दौरान महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। अंत में मंदिर कमेटी एवं सोलंकी परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# नचिकेतन पब्लिक स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित




**ऐलनाबाद.शाबाश इंडिया।** नचिकेतन पब्लिक स्कूल में सीबीएसई कक्षा 12वीं सत्र 2025-26 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य में मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के सम्मान में विद्यालय सभागार में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया तथा पूरे विद्यालय परिसर में गर्व और खुशी का माहौल देखने को मिला। समारोह के दौरान मेडिकल स्ट्रीम में ऐलनाबाद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र तरुण गोयल को विशेष रूप से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा उन्हें माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी गई। इसके अतिरिक्त विद्यालय के मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों एवं विषयवार टॉपर्स को भी माल्यार्पण, ट्रॉफी एवं सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया, जिससे यह संदेश दिया गया कि बच्चों की सफलता में माता-पिता का सहयोग एवं मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सिंह सिद्धु, निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु, एडमिनिस्ट्रेटर अशोक कुमार मोहराना, प्राचार्य एस.एन. पारीक तथा प्रबंधन समिति के सदस्य परमिंदर सिंह सिद्धु, कपिल सुथार एवं शिवम सुथार विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं विद्यार्थियों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर पूरी मेहनत एवं समर्पण के साथ कार्य करने पर सफलता अवश्य प्राप्त होती है।






# सुबोध पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित, बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स हुए सम्मानित




**जयपुर.शाबाश इंडिया**

सांगानेर (एयरपोर्ट के पास) स्थित सुबोध पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के उत्सव के रूप में मनाया गया। समारोह की शुरूआत एक प्रेरणादायक पहल के साथ हुई, जिसमें बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों ने जूनियर कक्षाओं के छात्रों से संवाद कर अपने अनुभव एवं सफलता के टिप्स साझा किए। विद्यार्थियों ने परीक्षा की तैयारी, समय प्रबंधन एवं आत्मविश्वास से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिससे जूनियर छात्रों का उत्साह एवं मनोबल बढ़ा। समारोह में विद्यालय के ओवरऑल टॉपर्स एवं विषयवार टॉपर्स को ट्रॉफी एवं योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही ईपी, आईपी एवं मनोविज्ञान विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रमुख टॉपर्स में ह्यूमैनिटीज संकाय से दिव्या सोनी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय (पीसीएम) में चार्वी जैन ने 94.6 प्रतिशत, विज्ञान संकाय (पीसीबी) में मैत्रेयी पारीक ने 93.8 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में विद्या साहू ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आशी श्रीवास्तव का प्रेरणादायक संबोधन रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां विद्यालय के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे विद्यार्थियों ने शानदार



परिणाम देकर विद्यालय का परचम लहराया है। इस सफलता के पीछे शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के अटूट सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह सामूहिक प्रयासों का सुखद परिणाम है।'' इस गरिमामयी समारोह ने जहां अभिभावकों को गौरवान्वित किया, वहीं आगामी बैच के विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन एवं सफलता के नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

# चिकनपॉक्स (छोटी माता)



चिकनपॉक्स (छोटी माता) एक अत्यधिक संक्रामक वायरल संक्रमण है, जिसमें शरीर पर पानी के लाल दाने, तेज खुजली और बुखार जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। होम्योपैथी में इन लक्षणों की तीव्रता को कम करने और दानों को सुखाने के लिए ये प्रभावी दवाएं हैं:

**1. Antimonium Crudum** यह दवा चिकनपॉक्स के शुरुआती दौर में बहुत प्रभावी होती है, जब दानों का आकार बड़ा होने लगता है,पानी इनमें बाद में भरता है। इसका सबसे मुख्य लक्षण यह है कि रोगी की जीभ पर एक मोटी सफेद परत जमी होती है। इसके अलावा, बच्चा बहुत चिड़चिड़ा हो जाता है और उसे किसी का अपनी तरफ देखना या छूना भी बिल्कुल पसंद नहीं आता।

**2. Pulsatilla पल्साटिला:** यह उन बच्चों या मरीजों के लिए बहुत उपयोगी है जो स्वभाव से बहुत कोमलता महसूस करते हैं, बीमारी में रोने लगते हैं और उन्हें खुली हवा में आराम मिलता है। इस दवा का विशेष लक्षण यह है कि रोगी के मुंह का स्वाद खराब होने के बावजूद उसे प्यास बिल्कुल नहीं लगती (Thirstlessness)। मुंह सूखा रहता है।

**3. Rhus Toxicodendron** यह चिकनपॉक्स की सबसे प्रमुख दवाओं में से एक है। जब दानों के अंदर पानी भर जाता है,चार पांच दिन बाद , त्वचा पर बहुत तेज खुजली और जलन होती है, तब इसका उपयोग किया जाता है। रोगी में बहुत अधिक शारीरिक बेचैनी होती है; वह दर्द और खुजली के कारण बिस्तर पर लगातार करवटें बदलता रहता है। गर्म सिकाई से रोगी को आराम महसूस होता है।

**4. Belladonna** यह दवा चिकनपॉक्स के शुरुआती लक्षणों में दी जाती है, जब अचानक तेज बुखार आता है। दाने उठने ही लगते हैं व लाल होते हैं। इसका मुख्य लक्षण यह है कि मरीज का चेहरा बिल्कुल लाल और गर्म हो जाता है, आँखों में भारीपन रहता है, और सिर में तेज धड़कन जैसा दर्द होता है। दानों के निकलने से पहले या निकलते समय होने वाले तेज बुखार में यह बहुत राहत देती है।

**5. Variolinum** इस दवा को चिकनपॉक्स के मामलों में एक बेहतरीन प्रिवेंटिव (बचाव) और उपचारात्मक औषधि माना जाता है। यह संक्रमण की अवधि को कम करती है, दानों को जल्दी सुखाने में मदद करती है और त्वचा पर गहरे निशान (Pockmarks) पड़ने से रोकती है। गंभीर दर्द और पीठ दर्द में भी यह बहुत असरदार है।इस दवा की अगर 200 पावर की एक खुराक सप्ताह में एक बार दी जावे तो अन्य बच्चे इस रोग के होने से बच सकते हैं,यह बहुत बढिया प्रिवेंटिव दवा भी है। खुराक और सेवन विधिःलक्षणों के शुरुआत में आमतौर पर इन दवाओं की 30 पोटेंसी का उपयोग किया जाता है। दवा की 5खुराक 3-3घंटे के अन्तर से देनी चाहिए। दवा के आधा घंटे पहले व बाद में कुछ भी न खावें।खटाई व सुगन्धित चीजों का परहेज रखें। बीमारी के समय हल्का भोजन करें। सावधानी:चिकनपॉक्स के दौरान मरीज को पूरी तरह आराम करने दें, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और सूती व ढीले कपड़े पहनाएं। किसी भी दवा का सेवन शुरू करने से पहले हमेशा एक योग्य होम्योपैथिक डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें। बिना होम्योपैथिक चिकित्सक की राय के कोई भी दवा न दें।



**डा. एम.एल जैन मणि अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ होम्योपैथ, दुर्गापुरा,जयपुर।**

# पशु-पक्षियों की सेवा ही मानव का परम धर्म : महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी



**कुचामन सिटी.शाबाश इंडिया**

''जीव दया ही सच्ची सेवा'' के उद्देश्य को लेकर महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी द्वारा भीषण गर्मी में बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए सेवा कार्य निरंतर जारी है। संस्था की ओर से मंगलवार को शाकंभरी मंदिर से शाकंभरी गेट तक विभिन्न स्थानों पर पशु-पक्षियों के लिए पानी एवं दाने की व्यवस्था की गई। संस्था की प्रेरणा से एक गुप्त सज्जन द्वारा 8 नए सीमेंटेड बिलल्या रखवाए गए, जिसके बाद कुल 43 बिलल्याओं में एक टैंकर पानी भरवाया गया। इसके साथ ही पक्षियों के लिए 21 पानी के परिंडों में पानी भरकर दाना डाला गया तथा कुल 51 परिंडे लगाकर उन्हें नियमित रूप से भरने का संकल्प लिया गया। इस दौरान संस्था द्वारा पूर्व में लगाए गए पेड़ों को भी पानी पिलाया गया। सेवा कार्य में वीर रामावतार गोयल, वीर अजीत पहाड़िया, दर्श पहाड़िया, रतनलाल मेघवाल, बाबूलाल जांगिड़ एवं तारेश कुमावत ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए यह सेवा अभियान चलाया जा रहा है, जो कोरोना काल से लगातार जारी है। संस्था का मानना है कि पशु-पक्षियों की सेवा ही सबसे सच्ची सेवा है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा गया, ''आओ अपना फर्ज निभाएं, प्रकृति का कुछ कर्ज चुकाएं'' तथा ''सांसें हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगाएं हम।'' अंत में वीर सुभाष पहाड़िया ने सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गुरु के बिना जीवन में आध्यात्मिक उन्नति संभव नहीं: स्वामी जगदीश दास

## रामकथा मनुष्य को मर्यादित जीवन जीने और सेवा-त्याग का संदेश देती है, शिव-सती विवाह प्रसंग एवं भगवान राम अवतार की महिमा का किया वर्णन



**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया।** श्री हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर परिसर में आयोजित पुरुषोत्तम माह महोत्सव के अंतर्गत श्रीराम कथा के तीसरे दिन हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन ने शिव-सती विवाह, गुरु महिमा और राम अवतार प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। व्यासपीठ से स्वामी जी ने कहा कि गुरु ही मनुष्य की भ्रांतियों को दूर कर सत्य मार्ग दिखाता है। गुरु के बिना आध्यात्मिक उन्नति संभव नहीं है। उन्होंने शिव-सती विवाह को सृष्टि के संतुलन का प्रतीक बताया और गीता का संदर्भ देते हुए कहा कि धर्म स्थापना के लिए परमात्मा समय-समय पर अवतार लेते हैं। श्रीराम का जीवन मयार्दा, त्याग और सेवा की अनुपम प्रेरणा है। इससे पूर्व, महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन के सानिध्य में सुबह विष्णु यज्ञ और सिद्धेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक संपन्न हुआ।

# आचार्य विद्यासागर जी के हाइकू पर बच्चों ने बनाए गहन अर्थयुक्त चित्र

## 17 अक्षरों की कविताओं ने जगाई रचनात्मकता, जयपुर के शिविरों में 300 बच्चों ने लिया भाग

**जयपुर.शाबाश इंडिया।**

श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थाने सांगानेर एवं अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महिला महासमिति भारत के तत्वावधान में 17 से 28 मई तक आयोजित ग्रीष्मकालीन संस्कार शिक्षण शिविरों में मंगकवार को बच्चों ने जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज की मात्र 17 अक्षरों वाली कविताओं 'हाइकू' पर आधारित गहन अर्थयुक्त चित्र बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया।

संत सुधा सागर बालिका महाविद्यालय छात्रावास एवं छात्रावास की अधिष्ठात्री शीला जैन डयोढ़ा ने बच्चों को हाइकू के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह केवल 17 अक्षरों की गहरे अर्थ वाली कविता होती है, जिसमें प्रथम पंक्ति में 5, द्वितीय में 7 तथा तृतीय पंक्ति में 5 अक्षर होते हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इस प्रकार की रचनाएं अत्यंत लोकप्रिय एवं प्रेरणादायी हैं।

निर्देशिका वंदना जैन एवं जयपुर शिविर प्रभारी विनीता जैन ने प्रचार-प्रसार प्रभारी पद्म जैन बिलाला को बताया कि जयपुर के विभिन्न मंदिरों में छोटे-छोटे बच्चों ने हाइकू के भावों को सुंदर चित्रों के माध्यम से जीवंत रूप दिया। यह प्रतियोगिता 4 से 7 वर्ष तथा 8 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित की गई है। मंदिर स्तर पर प्रथम आने वाले प्रतिभागियों में से 6 सर्वश्रेष्ठ बच्चों को समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

आंचल अध्यक्ष शालिनी बाकलीवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में चित्रकूट, वैशाली नगर, बगरू वालों का मंदिर, दुर्गापुरा, जनकपुरी, केसर चौराहा, थड़ी मार्केट, महेश नगर, अरिहंत विहार, मधुबन, झोटवाड़ा, मालवीय नगर, मुलतान मंदिर एवं सांगानेर सहित अनेक मंदिरों से करीब 300 बच्चों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि सभी मंदिरों में संस्कार शिक्षण शिविर का संचालन नियमित रूप से उत्साहपूर्वक किया जा रहा है, जहां बच्चों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक शिक्षा के साथ रचनात्मक गतिविधियों से भी जोड़ा जा रहा है।











> "हाइकू केवल कविता नहीं, जीवन का गहन दर्शन है। बच्चों ने चित्रों के माध्यम से उसके भावों को सुंदरता से व्यक्त किया है।
>
> **– शीला जैन डयोढ़ा**
> अधिष्ठात्री, छात्रावास, जयपुर

### प्रतियोगिता की मुख्य बातें

- ✓ **आयु वर्ग:** 4–7 वर्ष एवं 8–12 वर्ष
- ✓ **प्रतिभागी:** करीब 300 बच्चे
- ✓ **स्थान:** जयपुर के विभिन्न मंदिर
- ✓ **विषय:** आचार्य विद्यासागर जी के हाइकू
- ✓ सर्वश्रेष्ठ 6 बच्चों को किया जाएगा पुरस्कृत

### संस्कार शिक्षण शिविर – सीख, संस्कार और सृजन का अद्भुत संगम












# श्री गोवर्धननाथ जी मंदिर में श्रीगोवर्धननाथ व मथुराधीश प्रभु के मनोरथ का तीसरा दिन

## भागवत सुनने से बदलती है जीवन की दिशा : गिरिराज जी शास्त्री

**जयपुर.शाबाश इंडिया**



श्री पुष्टिमार्गीय वैष्णव मंडल एवं श्री वल्लभ पुष्टिमार्गीय मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में अधिकमास के अवसर पर सूरजपोल स्थित मोहनबाड़ी के श्री गोवर्धननाथ जी मंदिर में आयोजित 11 दिवसीय श्रीमद्भागवत एकादश एवं मूल श्लोक परायण, श्री गोवर्धननाथ व मथुराधीश प्रभु के दर्शन तथा 56 भोग महोत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को बड़ौदा के गिरिराज जी शास्त्री ने भागवत के विभिन्न प्रसंग सुनाए। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान बांगड़ परिवार ने श्रीमद्भागवत की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। इस अवसर पर गिरिराज जी शास्त्री ने प्रभु को हृदय में बसाने के लिए उनके नाम का निरंतर सुमिरन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कर्म करते हुए यदि प्रभु का स्मरण किया जाए तो कर्मों के फल का भार स्वयं ईश्वर वहन करते हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात आनंदस्वरूप है, जिसके श्रवण से पाप नष्ट होते हैं तथा भवसागर से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात वाङ्मय स्वरूप है, जो सच्चिदानंद का पूर्ण प्रकटीकरण करता है। इसे सुनने और जीवन में उतारने से शाश्वत आनंद, शांति एवं जीवन का कल्याण प्राप्त होता है। भागवत और श्रीकृष्ण का अभिन्न संबंध है तथा भागवत को भगवान का ही दूसरा स्वरूप माना गया है, जो भक्तों को दिव्य आनंद प्रदान करता है। गिरिराज जी शास्त्री ने कहा कि जिस प्रकार समुद्र मंथन जैसे शुभ कार्य में भी सबसे पहले विष की उत्पत्ति हुई थी, उसी प्रकार किसी भी शुभ कार्य, व्यापार अथवा नए अध्ययन की शुरूआत में बाधाएं आती हैं। यदि प्रभु के प्रति समर्पण और आश्रय भाव दृढ़ रखा जाए तो सभी कार्य स्वतः सिद्ध हो जाते हैं। इस अवसर पर श्री अनारामधाम वैदिक पीठाधीश्वर पूज्य वेदमूर्ति गुरुजी महाराज, महेमदाबाद (गुजरात) ने भी कथा श्रवण किया। कार्यक्रम में नारायण लाल अग्रवाल, लक्ष्मण, ओमप्रकाश मांधना, सरोज चावला, रामसहाय मांधना, सुनील कपूर, संजय बांगड़, भरत मालपानी, प्रमोद कोटेवाला, गोवर्धन भगत एवं रेखा भगत सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री पुष्टिमार्गीय वैष्णव मंडल के अध्यक्ष गोविंद मालपानी, मंत्री पीढ़ी बांगड़ एवं कोषाध्यक्ष सोहनलाल अग्रवाल टुकड़ेवाला ने बताया कि महोत्सव के दौरान विद्वानों द्वारा प्रतिदिन भागवत के मूल श्लोकों का पाठ किया जा रहा है। पाठ की स्वर लहरियों से आसपास का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इसी दिन शाम को श्री महाप्रभुजी 84 बैठकजी मनोरथ की आकर्षक झांकी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। महोत्सव के अंतर्गत 21 मई को श्री यमुना जी में नौका विहार मनोरथ, 22 मई को कैरी मनोरथ, 23 मई को कमल तलाई झांकी, 24 मई को ब्याहुला मनोरथ, 25 मई को खस महल, गिरिराज जी की कंदरा, फूलों की सांझी, पनघट एवं दान मनोरथ, 26 मई को फूल बंगला मनोरथ, 27 मई को षट् ऋतु मनोरथ, 28 मई को गिरिराज जी की तलहटी में 56 भोग, 29 मई को मोती महल मनोरथ, 30 मई को गौचारण मनोरथ तथा 31 मई को अष्ट सखी द्वार मनोरथ की झांकियां सजाई जाएंगी।

# रचना सुपर किंग्स ने जीता जेएसए क्रिकेट कॉर्निवल का खिताब

**जयपुर.शाबाश इंडिया**



जयपुर सिल्वर एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित प्रथम दो दिवसीय जेएसए क्रिकेट कॉर्निवल का भव्य समापन निर्माण नगर स्थित कौड़ीई क्रिकेट बॉक्स में हुआ। रोमांच और प्रतिस्पर्धा से भरपूर इस टूर्नामेंट का खिताब रचना सुपर किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने नाम किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष उज्वल डेरेवाला एवं सचिव राहुल जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान रोमांचक लीग मुकाबले एवं कड़े सेमीफाइनल मैच देखने को मिले। फाइनल मुकाबले में रचना सुपर किंग्स ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पुरस्कार एवं सम्मान समारोह के दौरान विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 51 हजार रुपए का चेक तथा उपविजेता टीम को 31 हजार रुपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर खेल भावना के लिए सराहा गया। इस अवसर पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत, भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल, विधायक कालीचरण सराफ, वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सुभाष बाफना एवं आईएसजेएस जयपुर सिल्वर शो के डायरेक्टर मनीष सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में मुख्य संयोजक शुभम अग्रवाल एवं वेदांत मंगोड़ीवाला की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान सभी टीम ओनर्स एवं स्पॉन्सर्स का शॉल ओढ़ाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। खेल के साथ-साथ खिलाड़ियों की फिटनेस एवं स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया गया। आयोजन के दौरान प्रख्यात चिकित्सकों डॉ. ललित मोदी, डॉ. अरुण परतानी, डॉ. डी.एस. मीणा एवं डॉ. सुनील बेनीवाल द्वारा विशेष स्वास्थ्य सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों को फिटनेस, इंजरी मैनेजमेंट एवं बेहतर खेल तकनीकों से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

# सराक क्षेत्र के जिन मंदिरों में सामूहिक पूजन से हो रही धर्म प्रभावना

### 20 मई को प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ होगा शिविरों का समापन






**बांकुड़ा (पश्चिम बंगाल).शाबाश इंडिया**

परम पूज्य सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर परम पूज्य आचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज, आर्यिका श्री स्वस्ति भूषण माताजी, आर्यिका श्री आर्ष माताजी एवं आर्यिका श्री सुज्ञानमती माताजी के आशीर्वाद से पश्चिम बंगाल, झारखंड एवं उड़ीसा प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान संस्कार शिक्षण शिविर एवं धर्म प्रभावना कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ब्र. मंजुला दीदी एवं ब्र. मनीष भैया के निर्देशन में आयोजित इन कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न जिन मंदिरों में प्रतिदिन सामूहिक पूजन, अभिषेक एवं मंदिरों की सुरक्षा एवं स्वच्छता के उद्देश्य से धार्मिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में 20 जिन मंदिरों में कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद मंगलवार को श्री दिगंबर जैन आदिनाथ मंदिर, राजामेला (पश्चिम बंगाल) में सामूहिक अभिषेक एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर के व्यवस्थापक लखन जैन सराक ने बताया कि मंदिर का हाल ही में जीर्णोद्धार कार्य सम्पन्न हुआ है तथा मंदिर की व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 10 से 12 श्रद्धालु नियमित पूजन के लिए आते हैं, जिनमें महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल रहते हैं। धर्म प्रभावना के इस कार्य में पं. जयकुमार दर्ग, पं. राजकुमार कर्द, विदुषी वहिन राखी एवं गोरांग जैन सहित कई श्रद्धालु सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। शिविर एवं पूजन कार्यक्रम के दौरान विकास सभा सागर एवं भारतीय जैन मिलन क्षेत्र 10 के सहयोग से मिष्ठान वितरण भी किया गया। पश्चिम बंगाल, झारखंड एवं उड़ीसा प्रांत में आयोजित इन कार्यक्रमों के मुख्य संयोजक शाहगढ़ (सागर, मध्यप्रदेश) निवासी पं. मनीष शास्त्री विद्यार्थी हैं, जिन्होंने मई माह में तीनों प्रदेशों में धर्म प्रभावना का व्यापक कार्य किया। आयोजकों ने बताया कि 20 मई को प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ शिविरों का समापन किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

# शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रयोग की जरूरत : राजगोपाल पी.वी.



**अंबाह.शाबाश इंडिया**

सुप्रसिद्ध गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता एवं एकता परिषद के संस्थापक राजगोपाल पी.वी. ने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रयोगों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में बौद्धिक क्षमता तो विकसित हो रही है, लेकिन भावना और करुणा का अभाव बढ़ता जा रहा है।

राजगोपाल पी.वी. धनसुला गांव स्थित वनखंडेश्वर परिसर में बालिकाओं के लिए आयोजित चित्रकला कार्यक्रम में प्रतिभागियों एवं ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। यह आयोजन वनखंडेश्वर विद्यापीठ के शुभचिंतकों की पहल पर कला एवं संस्कृति से बच्चों को जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी ओ.पी. पांडेय, जनपद पंचायत अंबाह की अध्यक्ष मधुरिमा तोमर, महात्मा गांधी सेवा आश्रम जौरा के प्रफुल्ल श्रीवास्तव, दिलीप जैन, रामदत्त तोमर एवं देवेन्द्र बना सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत राजेन्द्र बघेल, ब्रजकिशोर सिंह एवं राजू तोमर ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने प्रोफेसर रामसिंह तोमर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में राजगोपाल पी.वी. ने शिक्षा व्यवस्था की विसंगतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज शिक्षा का उद्देश्य केवल प्रमाण पत्र और डिग्रियां प्राप्त कर नौकरी हासिल करना रह गया है। उन्होंने कहा कि जब तक युवा गरीबों को न्याय दिलाने के लिए आगे नहीं आएंगे और समाज की मानसिकता में बदलाव नहीं होगा, तब तक शिक्षा व्यवस्था सार्थक नहीं हो सकती। उन्होंने महात्मा गांधी की ''नई तालीम'' का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले शिक्षा में दिमाग के साथ हृदय का भी विकास होता था, लेकिन अब उस प्रकार के प्रयोग लगभग समाप्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और नई खोज की आवश्यकता है। राजगोपाल पी.वी. ने महात्मा गांधी के सत्याग्रह और अहिंसा के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कहा कि गांधीजी ने घृणा के बदले प्रेम, हिंसा के बदले अहिंसा और झूठ के बदले सत्य के प्रसार का मार्ग दिखाया। उन्होंने विनोबा भावे एवं जयप्रकाश नारायण के विचारों का भी उल्लेख करते हुए करुणा और मानवीय मूल्यों को समाज परिवर्तन का आधार बताया। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ओ.पी. पांडेय ने कहा कि मुरैना क्षेत्र में अब बालिकाओं की शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि लड़कियों की शिक्षा से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है और उनमें मानवीय संवेदनाएं स्वाभाविक रूप से विद्यमान होती हैं। जनपद पंचायत अंबाह की अध्यक्ष मधुरिमा तोमर ने विद्यालयों में कला एवं संस्कृति आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। बालिकाओं में चित्रकला के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को ड्राइंग बुक, रंग एवं खादी का रूमाल भेंट किया गया। कृष्णनगर शिक्षा प्रसार समिति के सचिव रामहरि सिंह ने राजगोपाल पी.वी. को वनखंडेश्वर विद्यापीठ का भ्रमण कराया, जबकि चंद्रकांत ने विद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया। धनसुला गांव के छात्र एवं चित्रकार अरुण द्वारा बनाए गए चित्रों की भी राजगोपाल पी.वी. ने सराहना की। कार्यक्रम की शुरूआत अरुणिमा द्वारा महात्मा गांधी के प्रिय भजन ह्ववैष्णव जनह्न की प्रस्तुति से हुई। कार्यक्रम का संचालन जयंत सिंह तोमर ने किया। आयोजन को सफल बनाने में देवांश, यश एवं नीरज की विशेष भूमिका रही।

# वैज्ञानिक संत आचार्यश्री निर्भयसागर जी महाराज ससंघ का आगरा में मंगल प्रवेश



**आगरा.शाबाश इंडिया**

भीषण गर्मी और तपती सड़कों के बीच जहां आमजन के पैरों में छाले और फफोले पड़ रहे हैं, वहीं कठोर तप, त्याग एवं संयम की प्रतिमूर्ति वैज्ञानिक संत आचार्यश्री निर्भयसागर जी महाराज ससंघ ने मंगलवार प्रातः 5 बजे ब्रिज पब्लिक स्कूल, छलेसर से मंगल विहार प्रारंभ कर ताजनगरी आगरा में दो वर्षों बाद पुनः मंगल प्रवेश किया। आचार्यश्री निर्भयसागर जी महाराज एवं निर्यापक मुनिश्री शिवदत्तसागर जी महाराज ससंघ के आगमन से श्रद्धालुओं में अपार उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। आचार्यसंघ पीएनसी कोल्ड स्टोरेज होते हुए श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर, ट्रांस यमुना कॉलोनी पहुंचा, जहां ट्रांस यमुना कॉलोनी जैन समाज द्वारा पाद प्रक्षालन कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर तृप्ति, पारुल, खुशबू एवं प्रीति द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात निर्यापक मुनिश्री शिवदत्तसागर जी महाराज एवं आचार्यश्री निर्भयसागर जी महाराज के मंगल प्रवचन आयोजित हुए, जिनमें धर्म, संयम, तप एवं आत्मकल्याण का संदेश दिया गया। प्रवचनों के उपरांत श्रद्धालु भक्तों ने नवधा भक्ति पूर्वक आचार्यसंघ की आहार चर्या सम्पन्न कराई। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं भक्ति का माहौल बना रहा। इस अवसर पर कुमार मंगलम जैन, पवन जैन, सुरेंद्र जैन, अर्पित जैन, पुष्पेंद्र जैन, सिद्धशरण जैन, राजेश जैन, कैलाशचंद जैन, मोहित जैन, संदीप जैन, अनुभव जैन, वैभव जैन, कंचन जैन, नीलम जैन, पूजा जैन, वीरेंद्र जैन, शुभम जैन, चंद्रप्रकाश जैन सहित ट्रांस यमुना कॉलोनी समिति, बरहन जैन समाज, एनसीसी क्लब छीपीटोला, आगरा परिषद एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## निवाई में धार्मिक शिक्षण संस्कार शिविरों में उमड़े बच्चे




**निवाई.शाबाश इंडिया**

सकल दिगम्बर जैन समाज एवं दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल एवं निवाई संभाग के सहयोग से निवाई में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है। दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर, चंद्रप्रभु जैन मंदिर, बिचला जैन मंदिर एवं बंपुई वालों के चेत्यालय सहित चार स्थानों पर एक साथ आयोजित इन धार्मिक शिक्षण शिविरों का शुभारंभ महिला महासमिति इकाई निवाई की संगीता संधी एवं शकुंतला छाबड़ा के निर्देशन में किया गया। दिगम्बर जैन महासमिति संभाग मंत्री विमल जौंला ने बताया कि शिविर का शुभारंभ समाजसेवी प्रकाशचंद गिंदौड़ी, अंजना ठोलिया, अनिता हरभगतपुरा, संगीता संधी, शकुंतला छाबड़ा, संजू जौंला, रेशु जैन, मोना झांझरी, मेना काला एवं उर्मिला सोगानी द्वारा भगवान पार्श्वनाथ के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान 17 मई से 26 मई तक संचालित होने वाले इन शिविरों में बच्चों को जैन धर्म की प्रथम, द्वितीय एवं बालबोध शिक्षा प्रदान की जाएगी। शिविर का संचालन महासमिति के मुख्य समन्वयक विमल पाटनी द्वारा किया जा रहा है। शिविर में प्रख्यात शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को धार्मिक संस्कार, पूजा-विधि, जैन सिद्धांत एवं नैतिक मूल्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 55 रोगियों की जांच

### 14 मरीज ऑपरेशन के लिए जयपुर भेजे गए

**निवाई.शाबाश इंडिया।** राजस्थान जैन सभा निवाई के तत्वावधान में कृषि मंडी के सामने स्थित श्री महावीर जनोपयोगी भवन में अंधता नियंत्रण समिति के सहयोग से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 55 मरीजों की नेत्र जांच की गई तथा 14 रोगियों को निशुल्क ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण के लिए जयपुर भेजा गया। राजस्थान जैन सभा के कोषाध्यक्ष विमल जौंला ने बताया कि शिविर का शुभारंभ विष्णु बोहरा, ज्ञानचंद, त्रिलोकचंद सिरस, महावीर प्रसाद छाबड़ा, सीताराम स्वामी, मनोज पाटनी, विमल पाटनी, योगेश मूक-बधिर विद्यालय एवं राजस्थान जैन सभा के पदाधिकारियों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ फीता काटकर किया गया। राजस्थान जैन सभा के प्रचार-प्रसार मंत्री हितेश छाबड़ा ने बताया कि शिविर मंगलवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर परामर्श दिया गया। जांच के दौरान 55 रोगियों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 14 मरीजों को ऑपरेशन हेतु चयनित कर जयपुर भेजा गया। वहां उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा तथा दवाइयां एवं चश्मे भी निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर के दौरान राजस्थान जैन सभा के मंत्री त्रिलोक सिरस एवं कोषाध्यक्ष विमल जौंला द्वारा मरीजों को चाय-बिस्किट एवं अल्पाहार भी वितरित किया गया। इस अवसर पर शिविर के अतिथि विष्णु बोहरा, महावीर प्रसाद छाबड़ा, राकेश संधी एवं महिला मंडल की संरक्षक शकुंतला छाबड़ा ने नेत्र रोगियों को आंखों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए धूप, धूल-मिट्टी, धुएं एवं दूषित पानी से बचाव के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के बाद आंखों को मसलना या किसी प्रकार का झटका देना नुकसानदायक हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान सभी मरीजों से अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों को आगामी शिविरों में निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन के लिए प्रेरित करने का आग्रह भी किया गया। शिविर में निवाई तहसील क्षेत्र के ग्रामीण मरीजों ने भी बड़ी संख्या में लाभ उठाया।



# आचार्य वर्धमान सागर महाराज को चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट



**मदनगंज किशनगढ़.शाबाश इंडिया।** श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन पंचायत के तत्वावधान में सोमवार प्रातः बड़के बालाजी, जयपुर में विराजमान चारित्र चक्रवर्ती प्रथमाचार्य शांतिसागर महाराज की परंपरा के पंचम पट्टाधीश, वात्सल्य वारिधि आचार्यश्री वर्धमान सागर महाराज ससंघ को धर्म नगरी मदनगंज किशनगढ़ में चातुर्मास 2026 हेतु श्रीफल भेंट कर निवेदन किया गया। इस अवसर पर मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन पंचायत के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने आचार्यश्री के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात समिति सदस्यों ने किशनगढ़ पहुंचकर आरके मार्बल ग्रुप के चेयरमैन अशोक कुमार पाटनी से भी मुलाकात कर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बेद, उपाध्यक्ष मांगीलाल झांझरी, मंत्री प्रदीप कुमार गंगवाल, उपमंत्री नरेश कुमार गंगवाल, कोषाध्यक्ष अशोक पापल्या सहित कार्यकारिणी सदस्य गौरव पाटनी, जितेंद्र पाटनी, विकास पाटनी, मुकेश काला, पदमचंद गंगवाल, मुकेश पाटनी, सुरेश काला, भागचंद गंगवाल, राजेश पाटनी, राजेंद्र सोगानी एवं कैलाश पाटनी उपस्थित रहे।

# ईंट भट्टों पर पहुंचे बैंच मजिस्ट्रेट जितेन्द्र गोयल, बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री



**रावतसर.शाबाश इंडिया**

बालश्रम एवं भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान के तहत सीडब्ल्यूसी बैंच मजिस्ट्रेट जितेन्द्र गोयल ने क्षेत्र के विभिन्न ईंट भट्टों का दौरा कर वहां कार्यरत प्रवासी श्रमिकों के बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री वितरित की तथा उन्हें शिक्षा से जुड़ने का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, किताबें एवं अन्य आवश्यक अध्ययन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उनमें पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित करना रहा। निरीक्षण के दौरान गोयल ने ईंट भट्टों पर सीडब्ल्यूसी के प्रयासों से संचालित निशुल्क पाठशालाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अनौपचारिक शिक्षा केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों से संवाद कर उनकी बौद्धिक क्षमता का आकलन किया तथा पाठ्यक्रम से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे। बच्चों ने आत्मविश्वास एवं उत्साह के साथ उत्तर दिए। सही जवाब देने वाले बच्चों को मौके पर ही पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जितेन्द्र गोयल ने बच्चों एवं श्रमिक परिवारों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में आगे बढ़ने का सबसे मजबूत माध्यम है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को भी शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए, क्योंकि शिक्षित समाज ही देश की प्रगति का आधार होता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें तथा उन्हें बालश्रम जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखें। उन्होंने कहा कि प्रवासी श्रमिकों के बच्चों को अक्सर संसाधनों एवं जागरूकता के अभाव में शिक्षा से दूर होना पड़ता है, लेकिन समाज एवं प्रशासन के सामूहिक प्रयासों से इन बच्चों का भविष्य संवारा जा सकता है।

# स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज ने दक्षिण एशिया की पहली उन्नत प्रोटिओमिक्स सेवा शुरू की

**बेंगलुरु. शाबाश इंडिया।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहयोगी कंपनी स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज ने अत्याधुनिक ''ओलिंक एक्सप्लोर एचटी'' आधारित प्रोटिओमिक्स सेवा शुरू करने की घोषणा की है। यह पहल भारत और दक्षिण एशिया में बड़े स्तर पर बहु-आयामी जैविक अनुसंधान को नई दिशा देगी। प्रोटिओमिक्स के माध्यम से शरीर में मौजूद हजारों प्रोटीन का अध्ययन किया जाता है, जिससे बीमारियों की पहचान, उपचार चयन और नई दवाओं के विकास में सहायता मिलती है। यह तकनीक बेहद कम रक्त नमूने से 5,400 से अधिक प्रोटीन संकेतकों का विश्लेषण करने में सक्षम है। स्ट्रैंड ने हाल ही में दीर्घकालिक गुर्दा रोग से जुड़े एक जैव-औषधि अनुसंधान प्रकल्प को सफलतापूर्वक पूरा किया है। कंपनी अब जीन आधारित अनुसंधान, जैव-सूचना विज्ञान और चिकित्सकीय आंकड़ों को एकीकृत कर संपूर्ण बहु-आयामी अनुसंधान समाधान उपलब्ध कराएगी। स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. रमेश हरिहरन ने कहा कि यह तकनीक भारत में अनुसंधान, औषधि विकास और सटीक चिकित्सा को नई गति प्रदान करेगी।

# जेएलएन अस्पताल को भामाशाह कुसुम चतुर्वेदी ने 335 गाउन भेंट किए



**अजमेर.शाबाश इंडिया**

जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय अजमेर में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक सेवा कार्य के तहत वैशाली नगर निवासी श्रीमती कुसुम चतुर्वेदी द्वारा अस्पताल के विभिन्न ऑपरेशन थिएटर, कैजुअल्टी ओटी एवं कैथलैब में उपयोग हेतु 335 सूती गाउन भेंट किए गए। इन गाउन की अनुमानित लागत लगभग एक लाख रुपए बताई गई है।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार यह गाउन ऑपरेशन थिएटरों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा उपयोग में लिए जाएंगे, जिससे मरीजों को सुरक्षित एवं बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. अनिल समारिया, अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे, डॉ. लुनिका, हेमंत गुप्ता एवं रामकिशन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुसुम चतुर्वेदी के परिवारजन भी मौजूद रहे। सभी ने इस जनहितकारी सहयोग की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। अस्पताल प्रशासन की ओर से श्रीमती कुसुम चतुर्वेदी एवं उनके परिवार का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी कुसुम चतुर्वेदी द्वारा अस्पताल को लगभग दो लाख रुपए मूल्य के एयर कंडीशनर भेंट किए जा चुके हैं। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे ने कहा कि भामाशाहों एवं समाजसेवियों के सहयोग से अस्पताल में मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग न केवल अस्पताल की व्यवस्थाओं को मजबूत बनाते हैं, बल्कि जरूरतमंद मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। अस्पताल प्रशासन ने समाज के अन्य भामाशाहों एवं सामाजिक संगठनों से भी अस्पताल में उपयोग आने वाली सामग्री जैसे व्हीलचेयर, ट्रॉली, वॉटर कूलर, एसी, मरीजों के बैठने की व्यवस्था, चिकित्सा उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्री दान करने की अपील की। प्रशासन ने विश्वास जताया कि समाज के सहयोग से अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों को और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।



# लायंस क्लब कोटा सेंट्रल की नई कार्यकारिणी घोषित, चन्दा बरवाड़िया बनीं अध्यक्ष

**कोटा.शाबाश इंडिया**

लायंस क्लब कोटा सेंट्रल की आमसभा में वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। क्लब अध्यक्ष लायन बी.पी. मीणा एवं सेक्रेटरी राजकुमार गुप्ता ने बताया कि आगामी सत्र के लिए लायन चन्दा बरवाड़िया को अध्यक्ष, लायन ममता विजय को सेक्रेट्री तथा लायन मीता बागला को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नॉमिनेशन कमेटी सदस्य लायन दिनेश खुवाल द्वारा चयनित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर पीडीजी लायन बी.वी. माहेश्वरी ने प्रांतीय कार्यकारिणी में चयनित क्लब सदस्यों के नामों की भी घोषणा की। घोषणा के अनुसार मधु ललित बाहेती को जोन चेयरमैन, विशाल माहेश्वरी को जीईटी एडवाइजर, राजकुमार गुप्ता को जीएसटी कॉर्डिनेटर तथा दिनेश खुवाल को एरिया कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया। शी शक्ति मधु बाहेती ने क्लब कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों के नामों की घोषणा करते हुए बताया कि रामकृष्ण बागला को प्रथम वाइस प्रेसिडेंट, आशा महेश्वरी को द्वितीय वाइस प्रेसिडेंट तथा राजीव विजय को थर्ड वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया है। दो वर्षीय डायरेक्टर के रूप में ललित बाहेती, दिनेश गुप्ता, विनोद गुप्ता, प्रकाश तापड़िया, राजकुमार कहालिया एवं पूनम मोहता को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं टेमर पद पर सुशील श्रीवास्तव तथा टेल ट्विस्टर पद पर पुरुषोत्तम चित्तौड़ा को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा एक वर्षीय डायरेक्टर के रूप में शील बिरला, कुंतीलाल जैन, जितेंद्र जैन, कैलाश सेठिया, दिनेश मलिक, सुमन शर्मा एवं राधा खुवाल को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। सभा में उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए आगामी सत्र में सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने की आशा व्यक्त की।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को मिली राहत: नसीराबाद में किया छाछ वितरण



**नसीराबाद (रोहित जैन). शाबाश इंडिया।** उपखंड क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप को देखते हुए मंगलवार को नसीराबाद नगर में आमजन एवं राहगीरों के लिए छाछ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने छाछ पीकर झुलसा देने वाली गर्मी से राहत महसूस की। दोपहर की तेज धूप में सफर कर रहे राहगीरों के लिए यह सेवा कार्य अत्यंत लाभकारी साबित हुआ। इस पुनीत कार्य में ऋषभ जैन, अनीश जैन, आयुष जैन, कालू सिंधी और पिंटू हरि सहित कई युवाओं ने सक्रिय रूप से उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दीं।

## ग्रीष्मकालीन भीड़ को देखते हुए उधना-मधुबनी विशेष रेलगाड़ी का संचालन

**कोटा. कासं।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ और ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा उधना-मधुबनी-उधना के मध्य अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जाएगा। यह रेलगाड़ी कोटा मंडल के कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर जंक्शन, गंगापुर सिटी जंक्शन और बयाना जंक्शन स्टेशनों से होकर गुजरेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09151 उधना-मधुबनी विशेष रेलगाड़ी 20 मई से 12 जून 2026 तक प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को कुल 8 फेरों में संचालित होगी। यह रेलगाड़ी उधना से सुबह 8.35 बजे रवाना होकर उसी दिन शाम 6.25 बजे कोटा जंक्शन, 7.50 बजे सवाई माधोपुर जंक्शन, 8.37 बजे गंगापुर सिटी जंक्शन और 9.42 बजे बयाना जंक्शन पहुंचेगी तथा तीसरे दिन रात 1.30 बजे मधुबनी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09152 मधुबनी-उधना विशेष रेलगाड़ी 22 मई से 14 जून 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार और रविवार को 8 फेरों में संचालित की जाएगी।

# डाइट कार्यालय में जीवदया कार्यक्रम आयोजित

### पक्षियों के लिए लगाए परिंडे और फीडर



**राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस सेवाभावी कार्यक्रम में डाइट प्रधानाचार्य सुरेश अग्रवाल एवं उपप्रधानाचार्य अराधना जैन ने जीवदया समिति के सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।**

**जयपुर.शाबाश इंडिया।** जीवदया और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ जीवदया समिति महल योजना द्वारा शनिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), गोनेर में भावपूर्ण एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत संस्थान परिसर में बेजुबान पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई तथा पेड़-पौधों पर परिंडे एवं फीडर बांधकर जीवों के प्रति करुणा और संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। समिति अध्यक्ष मैना गंगवाल ने बताया कि भीषण गर्मी में पक्षियों के संरक्षण एवं जीवदया के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवों के प्रति दया भाव रखते हुए उनके लिए दाना-पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस सेवाभावी कार्यक्रम में डाइट प्रधानाचार्य सुरेश अग्रवाल एवं उपप्रधानाचार्य अराधना जैन ने जीवदया समिति के सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही संस्थान परिसर में प्रतिदिन पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में डॉ. ऋतु बड़जात्या, डॉ. सुनीता, मुकेश, डॉ. मंजू, अंकित, नेहा, अभिषेक-सपना सांघी, तोशी, आशा एवं अंकिता सहित संस्था के पदाधिकारियों, शिक्षाविदों एवं समिति कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने जीवदया एवं पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

# महावीर पब्लिक स्कूल
# प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

## कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान




"विद्यार्थियों की सफलता हमारे शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हम सभी अभिभावकों के आभारी हैं कि उन्होंने हम पर विश्वास बनाए रखा।

**– सुनील बख्शी**
सचिव, महावीर पब्लिक स्कूल

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महावीर पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में गरिमामय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले, 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले तथा विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं उनके गौरवान्वित अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन समिति के सम्माननीय सदस्यों – सचिव श्री सुनील बख्शी, कोषाध्यक्ष श्री महेश काला, विद्यालय संयोजक श्री सुदीप ठोलिया तथा प्रबंधन समिति सदस्य श्री मनीष बेद एवं श्री विनोद जैन कोठावाड़ा द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती सीमा जैन एवं समर्पित शिक्षकों ने विद्यार्थियों की मेहनत, लगन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सचिव श्री सुनील बख्शी ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग को देते हुए विद्यालय पर विश्वास बनाए रखने के लिए सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने भी अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भावपूर्ण अनुभव साझा किए। इस अवसर पर श्री महावीर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आशीष गुप्ता ने विद्यार्थियों को कॉलेज में संचालित साइंस, आर्ट्स एवं कॉमर्स विषयों की जानकारी दी तथा उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया।


### समारोह की प्रमुख झलकियां

- सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विशेष सम्मान
- 90% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान
- विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थि सम्मानित
- अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत एवं अभिनंदन
- महावीर कॉलेज द्वारा उच्च शिक्षा संबंधी मार्गदर्शन









**"यह उपलब्धि आपके समर्पण, अनुशासन और लगन की जीत है"**

समारोह का समापन मिठाइयों के वितरण एवं विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों के गर्व और प्रसनता के भावों के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

13 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर

# शाबाश इंडिया प्रस्तुत करता है

दैनिक ई–पेपर, साप्ताहिक एवं पाक्षिक समाचार पत्र

BOLLYWOOD NIGHT

# Soulful Melodies

## Musical Night



**श्री संजय रायजादा**
अन्तर्राष्ट्रीय गायक
(ए.बी.सी.एल. फेम)



**डॉ. गौरव जैन**
अन्तर्राष्ट्रीय गायक
(ए.आर. रहमान फेम)



**श्री राकेश कुमार**
अन्तर्राष्ट्रीय गायक



**श्रीमती दीपशिखा जैन**
प्रसिद्ध गायिका
(सोनी टीवी गुरुकुल फेम)



**श्रीमती नेहा जैन**
प्रसिद्ध गायिका



**श्रीमती समता गोदिका**
प्रसिद्ध गायिका

## रविवार, 24 मई 2026
## समय : सायं 7:00 बजे से

## स्थान : वर्धमान सभागार
श्री महावीर स्कूल, सी–स्कीम, जयपुर

**स्थापना दिवस विशेषांक का विमोचन**



विमोचनकर्त्ता :
**श्रीमान् सुरेन्द्र जी पाण्ड्या**
प्रमुख समाज सेवी

**यू–ट्यूब चैनल का भव्य शुभारम्भ**

शाबाश इंडिया

उद्घाटनकर्त्ता :
**डॉ. पी. सी. जैन**
प्रमुख समाज सेवी

**प्रतिभा सम्मान**
**श्रीमान् सौरभ जैन**
10 WORLD RECORD HOLDER
(Motivational Speaker)



## सम्मानीय अतिथिगण

समारोह गौरव
**श्रीमान् नन्द किशोर जी प्रमोद जी पहाड़िया**
ए.आर.एल. ग्रुप

अध्यक्षता
**श्रीमान् सुधांशु जी कासलीवाल**
अध्यक्ष–अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी

मुख्य अतिथि
**श्रीमान् उमराव मल जी संघी**
अध्यक्ष–श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद्

दीप प्रज्जवलनकर्त्ता
**श्रीमान् महेश जी काला**
अध्यक्ष–वीर सेवक मण्डल

विशिष्ट अतिथि
**श्रीमान् शैलेन्द्र जी गोधा**
सम्पादक–दैनिक समाचार जगत

विशिष्ट अतिथि
**श्रीमान् जे.के. जैन** (कालाडेरा वाले)
अध्यक्ष–नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समीति

विशिष्ट अतिथि
**इंजी. डी.एम. जैन**
रिटा. चीफ इंजीनियर

विशिष्ट अतिथि
**श्रीमान् पदम जी बीलाला**
प्रमुख समाजसेवी

विशिष्ट अतिथि
**श्रीमान् मनीष जी लोंग्या**
प्रमुख समाजसेवी

**आप सपरिवार इष्टमित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं।**

निवेदक : **राकेश जैन गोदिका** (प्रधान संपादक) – **समता गोदिका**
राजेश – अंजना गोदिका ✻ दिनेश – मीतू गोदिका ✻ राज – एस.के. जैन ✻ सक्षम – आरूषी गोदिका
रचिता – सिद्धार्थ खूटेंटा ✻ अद्विता, रितिशा खूटेंटा एवं समस्त शाबाश इंडिया परिवार

FORNIGHTLY : RAJHIN/2013/50192 Since : 2013 WEEKLY : RAJHIN/2013/53754

शाबाश इंडिया

दैनिक ई–पेपर, साप्ताहिक एवं पाक्षिक समाचार पत्र

shabaasindia.com YouTube SHABAASH INDIA NEWS rakeshgodika@gmail.com shabaasindia@gmail.com

कार्यालय : प्लॉट नं. 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड़, टोंक रोड़, जयपुर ✻ मो. 9414078380, 9214078380

Printed by : VARDHMAN PRINTERS # 9314263204



# राजस्थान जैन सभा के कार्यालय में पहली बार हुआ द्वय आचार्यों का मंगल पदार्पण





**जयपुर.शाबाश इंडिया।** जैन समाज की प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन सभा जयपुर के आदर्श नगर स्थित अत्याधुनिक कार्यालय में मंगलवार को पहली बार प्रसिद्ध दिगम्बर जैन द्वय आचार्य दिव्य तपस्वी आचार्य सुन्दर सागर महाराज एवं आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ का मंगल पदार्पण हुआ। इस अवसर पर पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण एवं जैन धर्म के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। राजस्थान जैन सभा जयपुर के अध्यक्ष सुभाषचंद जैन एवं महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि जनता कॉलोनी स्थित दिगम्बर जैन मंदिर से बैण्ड-बाजों के साथ भव्य जुलूस के रूप में दोनों आचार्यों का ससंघ मंगल पदार्पण कराया गया। जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभा कार्यालय पहुंचने पर पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा आचार्य संघ की भव्य अगवानी की गई। इस अवसर पर राजस्थान जैन सभा की ओर से द्वय आचार्यों को श्रीफल भेंट कर धर्म प्रभावना बढ़ाने एवं समाज हित में सेवा कार्य करते रहने हेतु आशीर्वाद प्रदान करने का निवेदन किया गया। तत्पश्चात सभा द्वारा प्रकाशित ''महावीर जयंती स्मारिका 2026'' की प्रथम प्रति आचार्यों को भेंट की गई। श्रद्धालुओं ने आचार्य संघ का पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यालय अवलोकन के पश्चात आयोजित धर्मसभा में आचार्य सुन्दर सागर महाराज एवं आचार्य शशांक सागर महाराज ने समाजजनों को संबोधित किया। आचार्य सुन्दर सागर महाराज ने कहा कि राजस्थान जैन सभा को धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ वर्तमान समय के चलते-फिरते तीर्थ स्वरूप आचार्य, मुनिराज एवं आर्यिका माताजी की सेवा, सुश्रुषा, आहार-विहार एवं प्रवास व्यवस्था से भी अधिकाधिक समाजजनों को जोड़ना चाहिए। उन्होंने सभा के 32 हजार से अधिक आजीवन सदस्यों की संख्या बढ़ाकर पूरे राजस्थान के दिगम्बर जैन समाज को जोड़ते हुए कम से कम 1 लाख 21 हजार सदस्य बनाने का आह्वान किया। आचार्य शशांक सागर महाराज ने अपने उद्बोधन में चलने-फिरने में असमर्थ संतों के लिए संत भवन निर्माण, प्रतिभावान विद्यार्थियों हेतु छात्रावास निर्माण तथा पूरे राजस्थान में सभा की शाखाएं स्थापित करने जैसे समाजोपयोगी सुझाव दिए। आचार्य सुन्दर सागर महाराज ने सभा पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि समाज की छोटी-बड़ी सभी संस्थाओं को साथ लेकर सकारात्मक सोच के साथ समाजोपयोगी गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने महावीर जयंती समारोह एवं सामूहिक क्षमावाणी जैसे बड़े आयोजनों में जयपुर प्रवासरत सभी दिगम्बर जैन संतों एवं आर्यिका माताओं को सानिध्य हेतु आमंत्रित करने तथा बिना किसी भेदभाव के निर्ग्रंथ दिगम्बर जैन संतों की सेवा-सुश्रुषा करने का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यालय में आचार्य सुन्दर सागर महाराज द्वारा मंगल कलश की स्थापना भी की गई। सभा अध्यक्ष सुभाषचंद जैन ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभा की प्रमुख गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मनीष बैद ने किया तथा उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने आभार व्यक्त किया। धर्मसभा के समापन पर द्वय आचार्यों की आरती की गई। तत्पश्चात आचार्य संघ पुनः जनता कॉलोनी दिगम्बर जैन मंदिर के लिए विहार कर गया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष सुभाषचंद जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा, महामंत्री मनीष बैद, मंत्री यशकमल अजमेरा, कार्यकारिणी सदस्य कमल बाबू जैन, दर्शन जैन, मुकेश सोगानी, सुभाष बज, जिनेन्द्र जैन, जीतू, चेतन जैन निमोड़िया सहित राकेश गंगवाल, सुधीर गंगवाल, विनोद छाबड़ा, शकुंतला पाण्ड्या, दीपिका जैन कोटखावदा, रचना बैद एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## 37 वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर

# हार्दिक बधाईयाँ व शुभकामनाएं

## श्रीमान् विनोद जी जैन
## श्रीमती दीपिका जी जैन
## कोटखावदा

**(20 मई )**




- जैन सोशल ग्रुप मेट्रो जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष
- राजस्थान जैन सभा जयपुर के उपाध्यक्ष
- राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री
- अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष
- भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी राजस्थान अंचल के प्रवक्ता
- श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नटाटा (आमेर) के मानद मंत्री
- ऋषभ सेवा संस्थान जयपुर के मानद सचिव
- श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य
- श्री महावीर दिगम्बर शिक्षा जैन परिषद, जयपुर के कार्यकारिणी सदस्य
- प्रबंधकारिणी समिति, श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र कोटखावदा के परामर्शक
- सामूहिक जिनेंद्र आराधना संस्था फेडरेशन जयपुर के परामर्शक
- प्रबंधकारिणी समिति, श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सिरमोरियान के कार्यकारिणी सदस्य
- दिगम्बर जैन महासमिति सांगानेर संभाग के सक्रिय सदस्य
- विश्व की सबसे बड़ी दम्पति सदस्यों की संस्था जेएसजीआईएफ मुंबई नार्दन रीजन के सचिव (2016-17)
- जैन सोशल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन मुंबई की प्रेस एण्ड मीडिया प्रमोशन कमेटी के चेयरमैन (2019-21)
- जेएसजीआईएफ नार्दन रीजन के मीडिया एण्ड पब्लिसिटी कमेटी के कार्डिनेटर (2019-21)
- दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के लक्की मेला के मीडिया संयोजक
- श्री दिगम्बर जैन पद यात्रा संघ जयपुर के तत्वावधान में जयपुर से श्री महावीरजी की वर्ष 2018 में आयोजित 33वीं पदयात्रा के संयोजक
- सन 2000 में जयपुर से श्री सम्मेद शिखर जी की ऐतिहासिक पद वन्दना के मीडिया प्रभारी एवं पदयात्री
- सन 2003 में जयपुर से कुण्डलपुर (बड़े बाबा) की पदयात्रा के सहसंयोजक
- सन 2006 एवं 2018 में बैंगलोर से श्रवण बेलगोला (बाहुबली) की पदयात्रा के क्रमशः सहसंयोजक एवं संयोजक
- जयपुर से श्री सम्मेद शिखरजी स्पेशल ट्रेन यात्रा-2023 के संयोजक
- गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट के सक्रिय टीम सदस्य
- कई सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों एवं समाज स्तरीय आंदोलनों के नेतृत्वकर्ता एवं टीम सदस्य

### विशेष उपलब्धियाँ एवं गुण

- हसमुख व्यक्तित्व के धनी
- कई साधु संतों एवं संस्थाओं द्वारा सम्मानित
- जैन युवा रत्न, युवा समाजसेवी, जिन शासन गौरव सहित कई उपाधियों से विभूषित
- मृदुभाषी व मिलनसार
- मानव व समाज सेवा में अग्रणी
- प्रसिद्ध वक्ता एवं मंच संचालक
- परम मुनि, आर्यिका भक्त
- मीडिया के माध्यम से जैन धर्म व जैन संस्कृति की प्रभावना बढ़ाने में अग्रणी व समर्पित
- कुशल नेतृत्वकर्ता
- हर दिल अजीज
- सादा जीवन उच्च विचारों से परिपूर्ण
- पोजिटिव सोच रखने वाले
- सेवा के पर्याय
- सबको साथ लेकर चलने वाले युवा समाजसेवी
- कोटखावदा/सूर्य नगर निवासी

हमारे सबके प्रिय आदरणीय
श्रीमान विनोद जी जैन 'कोटखावदा' -
श्रीमती दीपिका जी जैन 'कोटखावदा'.

### श्रीमान् विनोद जी जैन 'कोटखावदा'

93142 78866

- संस्थापक अध्यक्ष संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो
- संयुक्त मंत्री, श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन महिला मण्डल सूर्य नगर तारों की कूट जयपुर
- युवा प्रकोष्ठ मंत्री, श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति सूर्य नगर तारों की कूट सम्भाग

### श्रीमती दीपिका जी जैन 'कोटखावदा'

90575 55542

- संस्थापक अध्यक्ष संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो
- संयुक्त मंत्री, श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन महिला मण्डल सूर्य नगर तारों की कूट जयपुर
- युवा प्रकोष्ठ मंत्री, श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति सूर्य नगर तारों की कूट सम्भाग

## को 37 वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर हार्दिक बधाईयाँ व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

## समस्त परिवारजन एवं मित्रगण

# कुण्डलपुर बड़े बाबा की दर्शन यात्रा कर जयपुर लौटा धार्मिक यात्रा दल



**जयपुर.शाबाश इंडिया**

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में मध्यप्रदेश के दमोह जिले स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर बड़े बाबा की दर्शन यात्रा पर गया तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा दल मंगलवार को जयपुर लौट आया। इस अवसर पर समाजबंधुओं ने जयकारों के बीच यात्रा दल का गर्मजोशी से स्वागत किया। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक यात्रा में समाज के अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा दल में प्रदीप जैन, विनोद जैन कोटखावदा, सांगानेर संभाग अध्यक्ष चेतन जैन निमोड़िया, श्योपुर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष अशोक बाकलीवाल, मुनिभक्त मनोज जैन सोगानी पहाड़ी वाले, रमेश बाकलीवाल, जगतपुरा जैन समाज अध्यक्ष कमल वैद, दीपक बाकलीवाल, अमित बाकलीवाल, अरुण सेठी, रवि जैन, मनीष सेठी, विनोद सेठी, मनोज बाकलीवाल, पूरण जैन एवं तेजेन्द्र सोगानी सहित अन्य गणमान्य श्रद्धालु शामिल रहे। प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि कुण्डलाकार पर्वत पर स्थापित कुण्डलपुर बड़े बाबा का जिनालय 189 फीट ऊंचे पाषाणयुक्त शिखर वाला एशिया महाद्वीप का प्रथम मंदिर माना जाता है। साथ ही यह अंतिम श्रुतकेवली की निर्वाण स्थली भी है। पर्वत पर 63 भव्य जिनालय स्थापित हैं। यात्रा दल के मुख्य संयोजक मनोज सोगानी पहाड़ी वाले ने बताया कि यात्रा दल शनिवार प्रातः दमोह रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां से श्रद्धालु वाहनों द्वारा कुण्डलपुर बड़े बाबा के दरबार पहुंचे। मंदिर में स्नानादि के बाद श्रद्धालुओं ने शुद्ध केसरिया वस्त्र धारण कर जयकारों के साथ गर्भगृह में प्रवेश किया और मंत्रोच्चार के बीच बड़े बाबा आदिनाथ भगवान की अतिशयकारी प्राचीन पद्मासन प्रतिमा का जलाभिषेक किया। इसके पश्चात विश्व में सुख, शांति, समृद्धि एवं आरोग्यता की कामना के साथ श्रद्धालुओं ने शांतिधारा की। यात्रा दल के सदस्यों द्वारा बड़े बाबा के मस्तक पर चांदी का छत्र भी चढ़ाया गया। तत्पश्चात अष्टद्रव्य से भगवान आदिनाथ एवं नवदेवता की पूजा-अर्चना कर चौबीस तीर्थंकरों के अर्घ्य समर्पित किए गए। कार्यक्रम का समापन बड़े बाबा आदिनाथ भगवान की महाआरती के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने पर्वत स्थित अन्य जिनालयों के दर्शन किए।

सायंकाल यात्रा दल सिद्ध क्षेत्र बेलाजी पहुंचा, जहां गणिनी आर्यिका समतामति माताजी ससंघ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। रात्रि में पुनः बड़े बाबा भगवान आदिनाथ के मुख्य मंदिर पहुंचकर 48 दीपकों एवं ऋद्धि मंत्रों के साथ भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना आयोजित की गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत एवं जयकारों के बीच संगीतमय महाआरती में भाग लिया। यात्रा पूर्ण होने के बाद श्रद्धालु रात्रि में कुण्डलपुर से दमोह रेलवे स्टेशन पहुंचे और दयोदया एक्सप्रेस से जयपुर के लिए रवाना हुए। सांगानेर संभाग अध्यक्ष चेतन जैन निमोड़िया ने बताया कि दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर समाजबंधुओं ने जयकारों एवं पुष्पवर्षा के साथ यात्रा दल का भव्य स्वागत किया। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने धार्मिक भजनों, नृत्य प्रस्तुतियों एवं णमोकार महामंत्र के जाप के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बनाए रखा।

## अभिमान से व्यक्ति के जीवन का पतन होता है : मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज

**अशोकनगर.शाबाश इंडिया**

''अभिमान व्यक्ति के जीवन को पतन की ओर ले जाता है। इसलिए जीवन में कभी घमंड नहीं करना चाहिए।'' यह उद्गार राष्ट्रसंत मुनि पुंगव सुधासागरजी महाराज ने बंगला चौराहा स्थित श्रीमद् जिनेन्द्र बेदी प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री ने कहा कि छह खंडों के अधिपति रावण का अभिमान भी नहीं टिक सका, तो सामान्य मनुष्य का घमंड कैसे स्थायी रह सकता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को मान, अभिमान और स्वाभिमान के अंतर को समझना चाहिए। स्वाभिमान व्यक्ति की गरिमा है, जबकि अभिमान उसे अधोगति की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि रावण के पास सोने की लंका और मन की गति से चलने वाला पुष्पक विमान था, फिर भी वह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम से पराजित हो गया। इसलिए यह निश्चित है कि घमंड कभी स्थायी नहीं रहता। इस अवसर पर आयोजित 21 कुंडीय विश्व शांति महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां समर्पित कर विश्व शांति एवं मानव कल्याण की कामना की। मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि मुनि



संघ ने शाम को अथाईखेड़ा की ओर पदविहार किया, जहां बुधवार को ''श्री सुधासागर धाम'' का शिलान्यास होगा। यह शिलान्यास नगर के श्रावक श्रेष्ठी निर्मलकुमार अथाईखेड़ा परिवार द्वारा कराया जाएगा। इसके साथ ही संत निवास एवं धर्मशाला की आधारशिला भी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि संत निवास एवं धर्मशाला निर्माण से भविष्य में आने वाले यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को विश्राम एवं धार्मिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस कार्यक्रम को लेकर स्थानीय समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इससे पूर्व मंगलवार प्रातः विद्वान पंडित अमन शास्त्री एवं अभिषेक शास्त्री के मंगलमय मंत्रोच्चार के साथ मंगलाष्टक पाठ एवं प्रतिष्ठा की मुख्य क्रियाएं संपन्न हुईं। परम पूज्य मुनि पुंगव श्री



सुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में मुख्य वेदिका पर श्रीजी विराजमान कराने का सौभाग्य रमेशचंद्र, सुरेश कुमार एवं मनोज कुमार ''मोनू जैन सीमेंट परिवार'' को प्राप्त हुआ। मंदिर के शिखर पर कलशारोहण का सौभाग्य अतरेजी सरपंच धर्मेंद्र कुमार टिक्कू को मिला, जबकि ध्वजारोहण का सौभाग्य सुरेशचंद्र रिक्कू ओड़ेर को प्राप्त हुआ। श्रीजी को नवीन वेदी पर विराजमान कराने का सौभाग्य जिनेश कुमार एवं सौरभ ओड़ेर परिवार सहित अन्य श्रद्धालुओं को मिला। कार्यक्रम में जैन समाज अध्यक्ष बाबूलाल जैन, मनोज सरपंच, मोनू ओड़ेर, संजीव रिक्कू सहित समाज के अनेक प्रमुख लोगों द्वारा सभी का सम्मान किया गया। देर शाम मुनि संघ अथाईखेड़ा की ओर पदविहार कर गया।




# सखी गुलाबी नगरी ने स्थापना दिवस पर दिव्यांगजनों को भेंट की व्हीलचेयर

**संस्था की सचिव ममता सेठी ने बताया कि व्हीलचेयर मिलने से दिव्यांगजन अपनी दैनिक गतिविधियों को अधिक आसानी से पूरा कर सकेंगे तथा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य समाज में यह संदेश देना है कि सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों का संबल बनना चाहिए।**



**जयपुर.शाबाश इंडिया**

सखी गुलाबी नगरी संस्था ने अपने पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा और सद्भावना की अनूठी मिसाल पेश करते हुए दिव्यांगजनों की सहायता हेतु तीन व्हीलचेयर भेंट कीं। इस पुनीत कार्य के प्रायोजक मुरादाबाद निवासी अंकित जैन एवं प्रियंका जैन रहे। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए संस्था की संस्थापक अध्यक्ष सारिका जैन ने बताया कि समाज के वंचित एवं दिव्यांग भाई-बहनों की सहायता करना ही सच्ची मानवता है। उन्होंने कहा कि किसी जरूरतमंद

संस्था की सचिव ममता सेठी ने बताया कि व्हीलचेयर मिलने से दिव्यांगजन अपनी दैनिक गतिविधियों को अधिक आसानी से पूरा कर सकेंगे तथा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य समाज में यह संदेश देना है कि सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों का संबल बनना चाहिए।

के जीवन को सुगम बनाने में किया गया छोटा सा योगदान भी जीवनभर पुण्य प्रदान करता है। सारिका जैन ने इस सेवा कार्य के लिए अंकित जैन एवं प्रियंका जैन का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दूर रहकर भी सेवा भाव के माध्यम से मानवता की सच्ची सेवा की जा सकती है। उन्होंने बताया कि संस्था ने अपने पांचवें स्थापना दिवस पर एक नई सेवा योजना की शुरूआत की है, जिसके तहत अब प्रत्येक माह जरूरतमंद दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई जाएगी। इस निरंतर चलने वाली मुहिम का उद्देश्य अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है। संस्था की सचिव ममता सेठी ने बताया कि व्हीलचेयर मिलने से दिव्यांगजन अपनी दैनिक गतिविधियों को अधिक आसानी से पूरा कर सकेंगे तथा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य समाज में यह संदेश देना है कि सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों का संबल बनना चाहिए। इस अवसर पर संस्था की सह सचिव रितु जैन, कोषाध्यक्ष सरोज जैन, कार्यकारिणी सदस्य अंकिता जैन, एकता जैन तथा सखी सदस्य वीरबाला जैन, पूजा जैन एवं रिंकू जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

दिगंबर जैन
संगिनी फॉरएवर
की धार्मिक मंत्री
श्रीमती अंजना शास्त्री
एवं श्रीमान धन कुमार जी जैन
को महासमिति महिला अंचल
की तरफ से
20 मई
वैवाहिक वर्षगांठ
की हार्दिक
शुभकामनाएं
एवं बधाई



आप दोनों का साथ सदा यूं ही प्रेम, विश्वास और खुशियों से भरा रहे!
शुभेच्छु
अध्यक्ष शकुंतला विनायका
मंत्री सुनीता गंगवाल
कोषाध्यक्ष उर्मिला जैन
समस्त संगिनी फॉरएवर परिवार, जयपुर

# बाल कल्पना के रंगों को मिला सराहना का मंच

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

शहर के युवा बाल कलाकार एहिक शर्मा की तीन दिवसीय रेखाचित्र प्रदर्शनी का समापन कला और सृजनशीलता के उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। टखमण संस्था कला दीर्घा में आयोजित इस प्रदर्शनी के समापन अवसर पर रोकवुड विद्यालय, उदयपुर के निर्देशक डॉ. दीपक शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता निभाई। उन्होंने एहिक द्वारा बनाए गए एक चित्र का अनावरण कर प्रदर्शनी का औपचारिक समापन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय प्राचार्या अंजला शर्मा तथा वरिष्ठ मूर्तिकार सी.पी. चौधरी उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित एहिक के रैपिड स्केचेज का गहन अवलोकन किया और बाल कलाकार की सहज



कल्पनाशीलता, सूक्ष्म अवलोकन क्षमता तथा मौलिक अभिव्यक्ति की सराहना की। उन्होंने कहा कि कम उम्र में लगभग सौ रेखाचित्रों का ऐसा संग्रह तैयार करना न केवल प्रतिभा का परिचायक है, बल्कि यह विद्यालय और शहर दोनों के लिए गौरव का विषय है। समापन अवसर पर अतिथियों ने टखमण संस्था परिसर में संचालित विभिन्न कला कार्यशालाओं और सृजनात्मक गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संस्था द्वारा कला के विविध माध्यमों में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर वरिष्ठ चित्रकार ललित शर्मा, रघुनाथ शर्मा, संदीप पालीवाल, चंद्रशेखर भारती, स्नेहलता, शर्मिष्ठा चावत, यामिनी शर्मा, जीतेंद्र माली, लक्षित शर्मा, कीर्तिका शर्मा, कैनी सेन तथा बाल कलाकार कबीर और निवान शर्मा सहित अनेक कला प्रेमी उपस्थित रहे।

रिपोर्ट /फोटोः राकेश शर्मा 'राजदीप'

## रात की दौड़ में गूंजेगा महिला सुरक्षा और आत्मविश्वास का संदेश

### "वुमन नाइट रन 2.0" का पोस्टर लॉन्च, 13 जून को महाकाल मंदिर से राजीव गांधी गार्डन तक होगी रन




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

झीलों की नगरी एक बार फिर महिला सशक्तीकरण के संदेश का साक्षी बनने जा रहा है। महिलाओं की सुरक्षा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखकर आयोजित किए जा रहे "वुमन नाइट रन 2.0" के पोस्टर का विमोचन पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने मंगलवार को किया। कार्यक्रम में यशवंत फाउंडेशन की कनिष्का श्रीमाली और श्री सर्कल इंडिया फाउंडर तारिका भानुप्रताप भी मौजूद रहे। इस अवसर पर एसपी डॉ. दुहन ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने के साथ महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि वे उस समय उदयपुर में रहेंगी तो स्वयं भी रन में भाग लेंगी। इसी क्रम में तारिका भानुप्रताप ने बताया कि "वुमन नाइट रन 2.0" केवल एक स्पोर्ट्स एक्टिविटी नहीं, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर जागरूकता फैलाने वाला सामाजिक अभियान है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष आयोजित कार्यक्रम को शहरवासियों का जबरदस्त समर्थन मिला था, जिसके बाद इस बार इसे और व्यापक रूप दिया जा रहा है। वहीं, कनिष्का श्रीमाली ने बताया कि 13 जून को आयोजित होने वाली यह नाइट रन महाकाल मंदिर से शुरू होकर राजीव गांधी गार्डन तक पहुंचेगी। लगभग दो किलोमीटर की इस दौड़ का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण और समाज में बराबरी का संदेश देना है। आयोजकों ने शहरवासियों से इस पहल में बढ़-चढ़कर भाग लेने और महिला सशक्तीकरण के इस अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील की।

रिपोर्ट/फोटो राकेश शर्मा 'राजदीप'

## बागोर हवेली में सात दिवसीय एचिंग एवं सेरीग्राफी कार्यशाला शुरू



**उदयपुर.शाबाश इंडिया**

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर की ओर से बागोर की हवेली स्थित ग्राफिक स्टूडियो में मंगलवार से सात दिवसीय एचिंग एवं सेरीग्राफी कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य युवा कलाकारों एवं कला विद्यार्थियों को प्रिंटमेकिंग की पारंपरिक एवं आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना है। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों को एचिंग एवं सेरीग्राफी कला की तकनीकी प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं युवा कलाकारों को अपनी सृजनात्मक क्षमता विकसित करने तथा कला के विभिन्न माध्यमों को समझने का अवसर प्रदान करती हैं। कार्यशाला में सेठ मथुरादास बिनानी राजकीय महाविद्यालय नाथद्वारा, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय एवं पैसिफिक कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स के 20 विद्यार्थी एवं कला प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। यह कार्यशाला प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। कार्यशाला के प्रथम दिवस गुजरात के ख्यात प्रिंटमेकर दुष्यंत पटेल एवं उनकी सहयोगी पलक शर्मा ने प्रतिभागियों को एचिंग एवं सेरीग्राफी की मूल अवधारणाओं, प्लेट निर्माण, रंग संयोजन, प्रिंट तकनीक एवं कलात्मक प्रयोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों ने भी उत्साहपूर्वक विभिन्न तकनीकों का अभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धांत भटनागर ने किया। इस अवसर पर दुर्गेश चांदवानी, हेमंत मेहता, सी.एल. सालवी, दीपक नवलखा एवं सुनील निमावत सहित अनेक कला प्रेमी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।